संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-179 बुधवार, 01 मई 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये




# राजनीति पटल पर गरमाया प्रज्वल रेवन्ना सेक्स टेप का मामला

**» पूर्व ड्राइवर का दावा...बीजेपी नेता को दिए थे वीडियो, कांग्रेस का लेना-देना नहीं**

**बेंगलुरु,30अप्रैल 2024(ए)।** पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के विधायक बेटे एचडी रेवन्ना और सांसद पोते प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित सेक्स स्कैंडल का मामला बढ़ता जा रहा है। इस मामले में एक महिला ने जेडीएस के दोनों नेताओं पर यौन उत्पीड़न का केस दर्ज कराया है. राज्य सरकार के आदेश के बाद एसआईटी जांच भी शुरू हो गई है। इस बीच इस मामले में नया मोड़ आया है। प्रज्वल रेवन्ना के पूर्व ड्राइवर और एक बीजेपी नेता ने एक-दूसरे पर वीडियो लीक करने का आरोप लगाया है।

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के भतीजे प्रज्वल रेवन्ना ने वायरल वीडियो को सिरे से खारिज करते हुए शिकायत भी दर्ज कराई है। रेवन्ना विवाद शनिवार (27 अप्रैल) जर्मनी भी रवाना हो गए, जिसे लेकर विवाद भी हो रहा है। इस बीच जनता दल सेक्युलर ने 33 वर्षीय सांसद को पार्टी से निलंबित कर दिया है।

### वीडियो जारी कर बताई सच्चाई

सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में प्रज्वल रेवन्ना के पूर्व ड्राइवर कार्तिक ने दावा किया कि उन्होंने 15 साल तक देवगौड़ा परिवार में ड्राइवर के रूप में काम किया है। कार्तिक ने दावा किया कि ये अश्लील वीडियो उन्होंने सिर्फ बीजेपी नेता जी देवराजे गौड़ा को दिए थे। उन्होंने ऐसा इसलिए किया, क्योंकि गौड़ा ने 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनावों में होलेनरासीपुरा निर्वाचन क्षेत्र से एचडी रेवन्ना के खिलाफ चुनाव लड़ा था और हार गए थे। गौड़ा इसका बदला लेना चाहते थे।

### बीजेपी नेता से मुझे न्याय की थी उम्मीद

कार्तिक ने कहा, मैंने जी देवराजे गौड़ा को यह कहते हुए सुना कि मैंने कांग्रेस नेताओं को वीडियो वाली पेन ड्राइव दी थी। ये झूठ है. मैंने उनसे तब संपर्क किया था, जब वह पिछले विधानसभा चुनाव में बीजेपी के उम्मीदवार थे। मुझे लगा कि मुझे उनसे न्याय मिलेगा। मैंने ये वीडियो किसी और को नहीं दिए. क्योंकि कांग्रेस पहले जेडीएस के साथ गठबंधन में थी। मैं इस बीजेपी नेता के पास गया, लेकिन उन्होंने मुझे धोखा दिया।

### मैंने देवेगौड़ा परिवार के अच्छे और बुरे समय देखे

पूर्व ड्राइवर ने कहा, मैं जब वहां ड्राइवर के रूप में काम करता था, तब मैंने देवेगौड़ा परिवार के अच्छे और बुरे समय दोनों देखे।



### वीडियो को लेकर प्रज्वल रेवन्ना पर क्या आरोप है?

आरोप है कि इस स्कैंडल के एक वीडियो को कथित तौर पर सांसद ने शूट किया था.। हासन निर्वाचन क्षेत्र में व्यापक रूप से इसे प्रसारित किया गया था। इसके बाद एक महिला ने रविवार को प्रज्वल रेवन्ना पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ होलेनरसीपुर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया। महिला ने आरोप लगाया कि 2019 से 2022 के बीच कई बार उनका यौन शोषण किया गया। शिकायतकर्ता ने यह भी दावा किया कि प्रज्वल रेवन्ना ने वीडियो कॉल पर उनकी बेटी के साथ दुर्व्यवहार किया। उसके साथ अश्लील बातचीत की. शिकायतकर्ता महिला ने आरोप लगाया कि प्रज्वल रेवन्ना के पिता एचडी रेवन्ना ने भी पत्नी की गैर-मौजूदगी में उनका यौन उत्पीड़न किया था। महिला ने दावा किया उनकी और उनके परिवार के अन्य सदस्यों की जान को खतरा है।

### कब सामने आया आपत्तिजनक वीडियो?

कथित तौर पर प्रज्वल रेवन्ना से जुड़ा आपत्तिजनक वीडियो क्लिप लोकसभा चुनाव के दूसरे फेज (26 अप्रैल) की वोटिंग के एक दिन बाद आया। 26 अप्रैल को रेवन्ना की सीट हासन पर भी वोट डाले गए। वीडियो सामने आने के बाद कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार ने मामले की जांच के लिए एसआईटी बना दी गई है। एसआईटी बनाने का फैसला राज्य महिला आयोग की सिफारिश के बाद आया.

### प्रज्वल रेवन्ना ने इस मामले में क्या कहा?

33 साल के प्रज्वल रेवन्ना ने इन वीडियो को सिरे से खारिज किया है। उनका कहना है कि उन्हें बदनाम करने के मकसद से वीडियो के साथ छेड़छाड़ की गई है। वीडियो वायरल होने के बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. शनिवार सुबह वह जर्मनी के लिए रवाना हो गए। प्रज्वल रेवन्ना के पिता एचडी रेवन्ना पर भी उनकी घरेलू सहायिका ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। एचडी रेवन्ना होलेनरासीपुर निर्वाचन क्षेत्र से जेडीएस विधायक हैं।

मैंने पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। वहां काम करने वाले एक अन्य व्यक्ति ने भी अपनी बात रखी थी। मुझे उम्मीद है कि इस मामले में और लोग आगे आएंगे।

### प्रज्वल रेवन्ना से इसलिए बनाई दूरी

पूर्व ड्राइवर कार्तिक ने कहा कि प्रज्वल रेवन्ना से दूरी बनाने का कारण यह था कि मेरी जमीन छीन ली गई थी। मेरी पत्नी को पीटा गया था। मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया था। मैंने नौकरी छोड़ दी और अपना हक वापस पाने की लड़ाई में लग गया।


### बीजेपी नेता ने आरोपों को किया खारिज

वहीं, पूर्व ड्राइवर के आरोपों पर बीजेपी नेता गौड़ा ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। गौड़ा ने संवाददाताओं से कहा, कार्तिक को हासन निर्वाचन क्षेत्र से रेवन्ना के कांग्रेस प्रतिद्वंद्वी श्रेयस पटेल के साथ कई बार देखा गया था। पीटीआई की रिपोर्ट में गौड़ा के हवाले से कहा गया, अगर इससे किसी को फायदा हो रहा था, तो वह कांग्रेस थी।

# बाबा रामदेव को एक और बड़ा झटका

**» पतंजलि के 14 उत्पादों के लाइसेंस रद्द.**

**नई दिल्ली, 30 अप्रैल 2024 (ए)।** सुप्रीमो कोर्ट के आदेश के बाद बाबा रामदेव को एक और बड़ा झटका लगा है। उत्तराखंड सरकार ने पतंजलि के 14 उत्पादों के लाइसेंस रद्द कर दिए हैं। भ्रामक विज्ञापन मामले में सुप्रीम कोर्ट से फटकार लगने के बाद अब बाबा रामदेव की पंतजलि आयुर्वेद को एक और बड़ा झटका लगा है। सुप्रीमो कोर्ट के आदेश के बाद बाबा रामदेव को एक और बड़ा झटका लगा है.। उत्तराखंड सरकार ने पतंजलि के 14 उत्पादों के लाइसेंस रद्द कर दिए हैं। भ्रामक विज्ञापन मामले में सुप्रीम कोर्ट से फटकार लगने के बाद अब बाबा रामदेव



की पंतजलि आयुर्वेद को एक और बड़ा झटका लगा है। उत्तराखंड सरकार ने पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 14 उत्पादों के निर्माण का लाइसेंस रद्द कर दिया है। इनमें हाई बीपी,शुगर, हाई कॉलेस्ट्रोल जैसी कई दवाएं शामिल हैं।

उत्तराखंड सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किए हलफनामे में ये जानकारी दी है। सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया है कि पतंजलि आयुर्वेद उत्पादों के बारे में बार-बार भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के कारण कंपनी के लाइसेंस को रोका गया है। इन उत्पादों का निर्माण दिव्य फॉर्मेसी पतंजलि प्रोडक्ट की मैन्युफैक्चरिंग करती है।

राज्य सरकार द्वारा बाबा रामदेव की जिन औषधियों के निर्माण पर रोक लगाई गई है। उनमें ब्लड प्रेशर, शुगर, आई ड्रॉप, खांसी और थाइराइड जैसी बीमारियों में इस्तेमाल होने वाली दवाएं शामिल हैं। सरकार की ओर से इन सभी दवाइयों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है. इसके साथ ही इनके निर्माण के लिए लाइसेंस को रद्द कर दिया गया है।

### इन दवाओं का लाइसेंस रद्द किया गया

उत्तराखंड सरकार के द्वारा जिन 14 औषधियों के निर्माण का लाइसेंस रद्द किया गया है उनमें ये उत्पाद शामिल हैं.

श्वासारि गोल्ड,श्वासारि वटी, श्वासारी प्रवाही, श्वासारि अवलेह, ब्रोंकोम,मुक्तावटी एक्सट्रा पावर, लिपिडोम, बीपी ग्रिड, मधुग्रिट, मधुनाशिनी वटी एक्सट्रा पावर

लिवामृत एडवांस, लिवोग्रिट, आईग्रिट गोल्ड,पतंजलि दृष्टि आई ड्रॉप ।

प्रदेश सरकार की ओर से इस आदेश की सभी जिला निरीक्षकों को दे दी गई है। इसके साथ ही केंद्रीय आयुष मंत्रालय को पूरी जानकारी दी गई है। दरअसल पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापनों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव और बालकृष्ण को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने इस मामले में नाराज़गी जताते हुए माफी मांगने का आदेश दिया था, जिसके बाद पतंजलि आयुर्वेद की ओर से दो अख़बारों में माफीनामा भी छापा गया है।

# अमित शाह के फेक वीडियो मामले में तेलंगाना के सीएम समेत 8 को नोटिस

**नई दिल्ली, 30 अप्रैल 2024 (ए)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने फेक वीडियो मामले में कांग्रेस पर कड़ा हमला करते हुए कहा है कि कांग्रेस झूठ फैलाकर गुमराह कर रही है। धर्म के आधार पर आरक्षण संविधान सम्मत नहीं है। मेरा फेक वीडियो बनाकर फैलाया जा रहा है। लेकिन एक बार फिर साफ करना चाहूंगा कि भाजपा, एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण के समर्थन में है।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कहते हैं, दो चरणों के चुनाव के बाद, अपने आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर हम कह सकते हैं कि बीजेपी और उसके सहयोगी दल 100 से अधिक (सीटें) पार कर चुके हैं और हमें विश्वास है कि हम '400 पार' के अपने संकल्प की ओर बढ़ रहे हैं। शुरुआती रुझानों के



मुताबिक, बीजेपी को दक्षिण भारत में अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है।

आपको बता दें कि 'फर्जी वीडियो' में तेलंगाना में धार्मिक आधार पर मुसलमानों के लिए आरक्षण समाप्त करने की प्रतिबद्धता जताने का संकेत देने संबंधी शाह के बयान को तोड़-मरोड़कर इस तरह दिखाया गया है। दिल्ली पुलिस इस मामले में आईपीसी की धारा 153 (दंगा भड़काने के इरादे से उकसाना), 153ए (धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच द्वेष को बढ़ावा देना), 465 (जालसाजी), 469 (किसी भी पार्टी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए जालसाजी), और 171जी (चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने के इरादे से गलत बयान प्रकाशित करना) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

# संदेशखाली पीड़िता रेखा पात्रा को एक्स कैटेगरी की सिक्योरिटी

**» गृह मंत्रालय ने 5 और नेताओं को भी दी**

**नई दिल्ली, 30 अप्रैल 2024 (ए)।** पश्चिम बंगाल की बशीरहाट लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी संदेशखाली की पीड़िता रेखा पात्रा को गृह मंत्रालय ने एक्स कैटेगरी की सुरक्षा दी है। गृह मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल के 5 और नेताओं को भी सुरक्षा दी है। इन नेताओं की आईबी की रिपोर्ट के बाद सुरक्षा बढ़ाई गई है। जिन नेताओं की सुरक्षा बढ़ाई गई है उनमें कुछ को वाई कैटेगरी की सुरक्षा भी दी गई है।

गृह मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल के 6 बीजेपी उम्मीदवारों को एक्स और



वाई कैटेगरी की सुरक्षा दी गई है। अब इन सभी की सुरक्षा में सीआईएसएफ के जवान तैनात किए जाएंगे। जिन लोगों को सुरक्षा दी गई है उनमें झारग्राम से उम्मीदवार प्रनत टुडू को एक्स कैटेगरी की सुरक्षा, रायगंज से उम्मीदवार कार्तिक पॉल एक्स कैटेगरी की सुरक्षा, बहरामपुर से उम्मीदवार निर्मल साहा एक्स कैटेगरी सुरक्षा, जयनगर से कैंडिडेट अशोक कंडारी को एक्स कैटेगरी सुरक्षा और मथुरापुर से प्रत्याशी अशोक पुरकैत को एक्स कैटेगरी की सुरक्षा दी गई है।

सेंदेशखाली मामले के सामने आने के बाद रेखा पात्रा का चेहरा विरोध के तौर पर सामने आ रहा था। रेखा ही वह महिला है जिसके गुप्त बयान के बाद शेख शाहजहां के सहयोगी शिबू हाजरा और उत्तम सरदार को गिरफ्तार कर लिया गया था। बीजेपी के रेखा पात्रा के नाम की घोषणा करने के बाद वह जोर-शोर से प्रचार करना शुरू कर दिया है। न कि सिर्फ संदेशखाली बल्कि पूरे बशीरहाट में प्रचार जारी है।

### कांग्रेस अध्यक्ष ने देवेंद्र यादव को दिल्ली इकाई का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया

**नई दिल्ली, 30 अप्रैल 2024 (ए)।** पार्टी द्वारा जारी किए गए एक बयान में कहा गया कि कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने देवेंद्र यादव को तत्काल प्रभाव से दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया है।राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के साथ हुए गठबंधन के खिलाफ दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) के अध्यक्ष पद से अरविंदर सिंह लवली के इस्तीफे के दो दिन बाद कांग्रेस ने



मंगलवार को देवेंद्र यादव को दिल्ली इकाई का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया। बयान में कहा गया कि यादव पंजाब के लिए एआईसीसी प्रभारी के पद पर भी काम करते रहेंगे।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को शनिवार को भेजे अपने इस्तीफे में लवली ने कहा था कि वह अपने आप को ''लाचार'' महसूस कर रहे थे क्योंकि दिल्ली इकाई के वरिष्ठ नेताओं द्वारा सर्वसम्मति से लिए गए सभी फैसलों पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के दिल्ली प्रभारी दीपक बाबरिया 'एकपक्षीय तरीके से' रोक लगा देते थे।

# बागेश्वर धाम के बाबा धीरेंद्र शास्त्री ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को दिया आदेश

**इंदौर, 30 अप्रैल 2024 (ए)।** मध्यप्रदेश के इंदौर में बागेश्वर धाम के पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की श्रीमद्भागवत कथा जारी है। इस दौरान बागेश्वर धाम प्रमुख धीरेंद्र शास्त्री ने इंदौर के नाइट कल्चर को लेकर सवाल खड़े किए हैं। पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से नाइट कल्चर को बंद करने का आह्वान किया है।बागेश्वर धाम प्रमुख पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कैलाश विजयवर्गीय से कहा कि गुरु होने के नाते आज्ञा दे रहे हैं, नाइट कल्चर को बंद करें। बता दें कि इंदौर में बागेश्वर धाम के पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी पहुंचे थे। उनके साथ कांग्रेस छोड़ बीजेपी



शामिल हुए अक्षय कांति बम भी मौजूद थे। इस दौरान पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कैबिनेट मंत्री से इंदौर में नाइट कल्चर बंद कराने की अपील की।कथा के दौरान धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि 'एक बात और इंदौर की बोल देना चाहिए। इंदौर में एक नया कल्चर चल गया है। नाइट कल्चर के नाम पर गंदगी बढ़ने लगी है। क्राइम बढ़ेंगे। हम अपने प्रिय विजयवर्गीय से कहेंगे कि शासन प्रशासन को आदेश देकर यह नाइट कल्चर बंद करवाया जाए। क्योंकि यहां के हिंदुत्ववादी लोग परेशान हैं। सनातन को मानने वाले परेशान हैं। इंदौर आपका है। इंदौर पितरेश्वर हनुमान जी का है। आप हमारे हैं। इन लोगों की भावनाएं थी। गुरुजी इस बात को बोल दें। गुरु होने के नाते आज्ञा दे रहे हैं। आप नाइट कल्चर बंद करवा दो।'



# कोविड वैक्सीन बनाने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने कबूली साइड इफेक्ट की बात

**नई दिल्ली, 30 अप्रैल 2024 (ए)।** ब्रिटेन स्थित वैक्सीन बनाने वाली कंपनी फार्मास्युटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका ने कथित तौर पर पहली बार अदालत में स्वीकार किया है कि उसकी कोविड वैक्सीन से रक्त के थक्के जमने की दुर्लभ स्थिति पैदा हो सकती है। वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स पता चलने के बाद अगर आपको भी अपनी और परिवार की चिंता हो रही है तो सबसे पहले डरना बंद कर दें। यहां जानें डॉक्टर्स का क्या कहना है।

# कर्नाटक लिंगायत मठ सेक्स स्कैंडल मामले में संत ने अदालत के सामने किया समर्पण

**चित्रदुर्ग , 30 अप्रैल 2024 (ए)।** प्रमुख लिंगायत संत शिवमूर्ति मुरुगा शरणारू ने कर्नाटक के चित्रदुर्ग में एक सत्र अदालत के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्हें फिर जेल भेज दिया गया है। उन पर नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण का आरोप है।सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में उनकी जमानत रद्द कर दी थी और उन्हें न्यायिक हिरासत में ले जाने के लिए अदालत के



समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया था। आत्मसमर्पण के बाद अधिकारियों ने साधु को हिरासत में ले लिया और मेडिकल परीक्षण कराने के बाद जिला जेल भेज दिया।संत के वकील प्रताप जोगी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई कर रही अदालत को चार महीने के भीतर जांच पूरी करने का निर्देश दिया। संत को कुछ महीनों के लिए जेल में रहना होगा।

## संपादकीय

### भारत से रिश्तों में खटास बढ़ने का अंदेशा

मालदीव में हुए चुनाव में मोहम्मद मोइज्जू के दल ने 71 सीटों पर जीत हासिल की है। राष्ट्रपति मोइज्जू के नेतृत्व वाली पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) ने बीसवी पीपुल्स मजलिस यानी संसद में कुल 93 में से 68 सीटें जीतीं।इसके गठबंधन साझेदारों मालदीव नेशनल पार्टी व मालदीव डेवलपमेंट एलायंस ने क्रमश- एक व दो सीट जीती। जो संसद के दो तिहाई बहुमत से अधिक है। पिछले साल चुनाव जीतने के बाद यह चुनाव उनकी सबसे बड़ी राजनीतिक परीक्षा की तरह देखा जा रहा था। मुइज्जू की प्रचंड कही जा रही यह जीत चीन समर्थक व भारत विरोधी नीतियों के तौर पर देखी जा रही है।मौजूदा मजलिस में पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद सोलीह को भारत समर्थक माना जाता है। अब तक बहुमत में रहे उनके दल मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी ने पिछले दिनों मुइज्जू सरकार के मंत्रियों की नियुक्ति रोक दी थी।ताजा चुनाव में उन्हें भारी हार का सामना करना पड़ा। मालदीव की आर्थिक स्थिति बेहद चिंतनीय है। उस पर पहले ही भारी कर्ज है, जिस पर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष चेतावनी भी दे चुका है। मुइज्जू के सत्ता में आने के बाद भारत से रिश्तों में आई खटास बढने का अंदेशा व्यक्त किया जा रहा है। कहा जा रहा है भारतीय सैनिकों की वापसी के फैसले के कारण ही उन पर मतदाताओं का भरोसा बढ़ा है।चीन इसका लाभ उठाने की संभावनाओं की तलाश में पहले ही है। वह करोड़ों डॉलर कर्ज दे चुका है। चीन के निमंत्रण पर वहां दौरा कर मुइज्जू भारत को स्पष्ट संकेत दे चुके हैं। वे यूएई व तुर्की भी गए पर भारत नहीं आए, जबकि इससे पहले अब तक वहां के राष्ट्रपति यहां आते रहे हैं। हम छोटे देश हैं, उसका मतलब यह नहीं कि हमें धौंस दिखाने का अधिकार है, मुइज्जू ने यह बयान भारत का नाम लिये बगैर दिया था।बल्कि उन्होंने अपनी रैली में साफतौर पर कहा कि चीन उन्हें नॉन लीथल हथियार मुफ्त देने को राजी है। इससे पहले ही चीन के साथ मालदीव सरकार के सैन्य समझौतों को लेकर भारत की चिंताएं बढ़ चुकी हैं।भारतीय पर्यटकों की पसंदीदा जगह होने के साथ ही मालदीव हम पर खाद्य व निर्माण सामग्री के लिए निर्भर होने के चलते रिश्तों को इतना बिगाड़ने से पहले सोचेगा जरूर। चीन से नजदीकी व लाभ के बावजूद दोनों देशों को शांतिपूर्ण संबंधों के भरसक प्रयास करने चाहिए। जो विश्व शांति व भाईचारे के लिहाज से भी समय की मांग हैं।

# आखिर कब तक मजबूर रहेगा मजदूर



रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू, राजस्थान

श्रमिक अपना श्रम बेचकर न्यूनतम वेतन प्राप्त करता है। यही कारण है कि पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया जाता है। इसलिए यह दिन अंतरराष्ट्रीय श्रमिक संघों को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने के लिए है। इस प्रकार, यह समाज में उनके योगदान की सराहना करने और उसे पहचानने का एक विशेष दिन हैं। भारत सहित दुनिया के बहुत से देशों में एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य उस दिन मजदूरों की भलाई के लिए काम करने व मजदूरों में उनके अधिकारों के प्रति जागृति लाना होता है। मगर आज तक तो कहीं ऐसा हो नहीं पाया है।

किसी भी राष्ट्र की प्रगति करने का प्रमुख भार मजदूर वर्ग के कंधों पर ही होता है। मजदूर वर्ग की कड़ी मेहनत के बल पर ही राष्ट्र तरक्की करता है। लेकिन भारत का श्रमिक वर्ग श्रम कल्याण सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहा है। हमारे देश में मजदूरों का शोषण आज भी जारी है। समय बीतने के साथ मजदूर दिवस को लेकर श्रमिक तबके में अब कोई खास उत्साह नहीं रह गया है। बढ़ती महंगाई और पारिवारिक जिम्मेदारियों ने भी मजदूरों के उत्साह का कम कर दिया है। अब मजदूर दिवस इनके लिए सिर्फ कागजी रस्म बनकर रह गया है।

मजदूर दिवस दुनिया के सभी कामगारों, श्रमिकों को समर्पित होता है। इस बार की अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस 2024 की थीम है सामाजिक न्याय और सभी के लिए सभ्य कार्य। इसके अलावा भी कई बिंदुओं को रखा गया है। इस थीम का उद्देश है मज़दूरों की गरिमा का ख्याल रखना और उन्हें शांतिपूर्ण कामकाजी वातावरण प्रदान करना।

महात्मा गांधी ने कहा था कि किसी देश की तरक्की उस देश के कामगारों और किसानों पर निर्भर करती है। उद्योगपति खुद को मालिक समझने की बजाय अपने-आप को ट्रस्टी समझे। मगर ऐसा होता नहीं है। मालिक आज भी मालिक बने हुये हैं। मजदूर सिर्फ मजबूर होकर रह गया है। इसी कारण भारत में मजदूरों की स्थिति बेहतर नहीं है। हमारे देश की सरकार भी मजदूर हितों के लिए बहुत बातें करती है। बहुत सी योजनाएं व कानून बनाती है। मगर जब उनको अमलीजामा पहनाने का समय आता है तो सब इधर-उधर ताकने लग जाते हैं। मजदूर फिर बेचारा मजबूर बनकर रह जाता है।

गुरु नानक देव जी ने भी अपने समय में किसानों, मजदूरों और कामगारों के हक में आवाज उठाई थी। गुरु नानक देव जी ने 'काम करना, नाम जपना, बांट छकना और दसवंध निकालना का संदेश दिया था। गरीब मजदूर और कामगार का विनम्रता का राज स्थापित करने के लिए मनमुख से गुरमुख तक की यात्रा करने का संदेश दिया था।

मजदूर एक ऐसा शब्द है जिसके बोलने में ही मजबूरी झलकती है। सबसे अधिक मेहनत करने वाला मजदूर आज भी सबसे अधिक बदहाल स्थिति में है। दुनिया में एक भी ऐसा देश नहीं है जहां मजदूरों की स्थिति में सुधार हो पाया है। दुनिया के सभी देशों की सरकार मजदूरों के हित के लिए बातें तो बहुत बड़ी-बड़ी करती हैं मगर जब उनकी भलाई के लिए कुछ करने का समय आता है तो सभी पीछे हट जाती है। इसीलिए मजदूरों की स्थिति में सुधार नहीं हो पाता है।

भारत में एक मई का दिवस सबसे पहले चेन्नई में एक मई 1923 को मद्रास दिवस के तौर पर मनाना शुरू किया गया था। इस की शुरुआत भारती मजदूर किसान पार्टी के नेता कामरेड सिंगरावेलू चेट्यार ने शुरू की थी। भारत में मद्रास के हाईकोर्ट सामने एक बड़ा प्रदर्शन किया और एक संकल्प के पास करके यह सहमति बनाई गई कि इस दिवस को भारत में भी कामगार दिवस के तौर पर मनाया जाये और इस दिन छुट्टी का ऐलान किया जाये। वर्तमान में भारत समेत लगभग 80 मुल्कों में पहली मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है।

हमारे देश केमजदूरों को न तो मालिकों द्वारा किए गए कार्य की पूरी मजदूरी दी जाती है और ना ही अन्य वांछित सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती है। गांव में खेती के प्रति लोगों का रुझान कम हो रहा है। इस कारण बड़ी संख्या में लोग मजदूरी करने के लिए शहरों की तरफ पलायन कर जाते हैं। जहां ना उनके रहने की कोई सही व्यवस्था होती है ही उनको कोई ढ़ग का काम मिल पाता है। मगर आर्थिक कमजोरी के चलते शहरों में रहने वाले मजदूर वर्ग जैसे तैसे कर वहां अपना गुजर-बसर करते हैं।

बड़े शहरों में झोंपड़ पट्टी बस्तियों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। जहां रहने वाले लोगों को कैसी विषम परिस्थितियों का सामना करता है। इसको देखने की न तो सरकार को फुर्सत है ना हीं किसी राजनीतिक दलों के नेताओं को। झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले मजदूरों को शौचालय जाने के लिए भी घंटों लाइनों में खड़ा रहना पड़ता है। झोपड़ पट्टी बस्तियों में ना रोशनी की सुविधा रहती है। ना पीने को साफ पानी मिलता है और ना ही स्वच्छ वातावरण। शहर के किसी गंदे नाले के आसपास बसने वाली झोपड़ पट्टियों में रहने वाले गरीब तबके के मजदूर कैसा नारकीय जीवन गुजारते हैं। उसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता है। मगर इसको अपनी नियति मान कर पूरी मेहनत से अपने मालिकों के यहां काम करने वाले मजदूरों के प्रति मालिकों के मन में जरा भी सहानुभूति के भाव नहीं रहते हैं। उनसे 12-12 घंटे लगातार काम करवाया जाता है। घंटो धूप में खडे रहकर बड़ी बड़ी कोठियां बनाने वाले मजदूरों को एक छप्पर तक नसीब नही हो पाता है।हमारे देश में आज सबसे ज्यादा काई प्रताड़ित व उपेक्षित है तो वो मजदूर वर्ग है। मजदूरो की सुनने वाला देश में कोई नहीं हैं। कारखानो में काम करने वाले मजदूरो पर हर वक्त इस बात की तलवार लटकती रहती है कि ना जाने कब मालिक उनकी छटनी कर काम से हटा दे। कारखानो में कार्यरत मजदूरों से निर्धारित समय से अधिक काम लिया जाता है। विरोध करने पर काम से हटाने की धमकी दी जाती है। मजबूरी में मजदूर कारखाने के मालिक की शर्तो पर काम करने को मजबूर होता है। कारखानो में श्रम विभाग के मापदण्डो के अनुसार किसी भी तरह की कोई सुविधायें नहीं दी जाती है।

कई कारखानों में तो मजदूरों से खतरनाक काम करवाया जाता है जिस कारण उनको कई प्रकार की बिमारियां लग जाती है। कारखानों में मजदूरो को पर्याप्त चिकित्सा सुविधा, पीने का साफ पानी, विश्राम की सुविधा तक उपलब्ध नहीं करवायी जाती है। मालिको द्वारा निरंतर मजदूरों का शोषण किया जाता है। मगर मजदूरों के हितों की रक्षा के लिये बनी मजदूर यूनियनो को मजदूरो की बजाय मालिको की ज्यादा चिंता रहती है। हालांकि कुछ मजदूर यूनियने अपना फर्ज भी निभाती है मगर उनकी संख्या कम है।

हमारे देश का मजदूर दिन प्रतिदिन और अधिक गरीब होता जा रहा है। दिन रात रोजी-रोटी के जुगाड़ में जद्दोजहद करने वाले मजदूर को तो दो जून की रोटी मिल जाए तो मानों सब कुछ मिल गया। आजादी के इतने सालो में भले ही देश में बहुत कुछ बदल गया होगा। लेकिन मजदूरों के हालात तो आज भी नहीं बदले हैं तो फिर श्रमिक वर्ग किस लिये मजदूर दिवस मनाये।

हर बार मजदूर दिवस के अवसर पर सरकारे मजदूरो के हित की योजनाओं के बड़े-बड़े विज्ञापन जारी करती है। जिनमें मजदूरों के हितों की बहुत सी बाते लिखी होती हैं। किन्तु उनमें से अमल किसी बात पर नहीं हो पाता है। देश में सभी राजनीतिक दलों ने अपने यहां मजदूर संगठन बना रखे हैं। सभी दल दावा करते हैं कि उनका दल मजदूरो के भले के लिये काम करता है। मगर ये सिर्फ कहने सुनने में ही अच्छा लगता है हकीकत इससे कहीं उलटी हैं।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



# प्री-वेडिंग एक फिजूलखर्ची कार्यक्रम



प्रिया देवांगन प्रियू
राजिम
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

शादी फिक्स होते ही लोगों का सबसे पहला सवाल प्री वेडिंग हो गई? हो गई तो अच्छी बात है नहीं हुई तो क्यों नहीं हुई? आजकल तो सभी करवा रहे हैं। इस आधुनिक युग में ये सब आम बात है, अरे भाई! शर्माना कैसा? आप बस तैयारी शुरू करो। आपको एक बहुत अच्छे फोटोग्राफर और प्लेस(स्थान) बताने की जिम्मेदारी हमारी रहेगी। ज्यादा खर्च नहीं आएगा बस वही...साठ से सत्तर हजार मात्र ही लगेंगे! और भी...अच्छी फोटोग्राफी चाहिए तो रुपए बढ़ा देना।

आजकल ये हर रिश्तेदार का स्वभाव बन गया है।

भारतीय संस्कृति में विवाह हमारी भारतीय संस्कृति में विवाह को ईश्वर का वरदान और आशीर्वाद के रूप में माना जाता है। बड़े बुजुर्गों का मानना है कि जोड़ी ईश्वर की बनाई हुई होती है। इसमें कोई संदेह नहीं है लेकिन आजकल के मानव इन सभी रीति-रिवाजों से धीरे-धीरे मुँह मोड़ने लगे हैं। इसके अलावा पश्चिमी परंपराओं को अपनाते जा रहे हैं। ये कहाँ की नीति है? हिंदू धर्म में लड़का और लड़की का विवाह के पहले मिलना धर्म के विरुद्ध माना जाता है। आधुनिकता के चलते इन सब बातों को दरकिनार किया जा रहा है। विवाह सात जन्मों का पवित्र बंधन होता है। आजकल की युवा पीढ़ी इन सब बातों का तात्पर्य नहीं समझते। प्री वेडिंग विवाह से पहले युवक-युवती एक-दूसरे से मिलने के साथ ही साथ अलगअलग स्थानों में जा कर फिल्मों की तरह फोटोशूट कराते हैं। नए-नए आधुनिक कपड़े, नए जूते,वगैरह-वगैरह....! आजकल के युवक-युवती अपने बड़े बुजुर्गों, माता-पिता, भाई बहन के सामने ऐसे फोटो शूट कराते हैं मानो... जन्मों से नाता हो। पश्चिमी सभ्यता को अपनाना और भारतीय संस्कृति को भूलना कहाँ तक उचित है? अगर कोई रोक-टोक करे तो बारूद की तरह फटने में देर नहीं करते। देहाती शब्दों का प्रयोग किया जाता है। अरे! तुमको क्या पता ये प्री वेडिंग शूट क्या होता है? अच्छा! सोच बदलो सोच। ठीक है, सोच बदलना ही चाहिए। लेकिन सोच के साथ-साथ मर्यादा, धर्म और संस्कृति पर निष्ठा रखनी चाहिए। छोटे-छोटे कपड़े पहनकर एक-दूसरे को आलिंगन करना, प्रेम का इजहार करना, शर्मशार कर देने वाली हरकतें करना। क्या इन्हीं सब बातों के लिए सोच बदलना है? जिस इंसान से आप कुछ ही हफ्ते पहले मिले हैं, बिना एक-दूसरे को जाने, सोशल मीडिया में प्रेम का इजहार कर के क्या बताना चाहते हैं कि हम एक-दूसरे से बहुत प्रेम करते हैं? विवाह के पहले ही सब कुछ खुलेआम हो जा रहा है। लज्जा व संकोच नाम की चीज बची ही नहीं है और लोग बोलते हैं सोच बदलो। प्रेम दिखावा नहीं है जो दुनिया के सामने दिखाया जाता है। जिन चीजों में मर्यादा है उसको सरे-आम दिखाया जा रहा। यही आजकल के नई पीढ़ी की सोच बन गई है।



रीति-रिवाज हमारी भारतीय संस्कृति में कन्या का हाथ वर के हाथ में तभी दिया जाता है, जब वर-वधु मंडप में बैठते हैं। सभी रस्म, रीति-रिवाजों के साथ एक-दूसरे से जन्म-जन्मांतर का नाता जोड़ा जाता है । आधुनिक युग के चलते ये सभी रस्म प्री-वेडिंग के दौरान ही हो जाता है। बस...औपचारिकता ही बची रहती है। अगर ऐसे आयोजन में होने वाले फिजूलखर्ची को शादी वाले घरों में अथवा अनाथ आश्रम में दान करने बोल दिया जाएगा तो...आग बबूला होने से पीछे नहीं हटेंगे, वहीं प्री-वेडिंग में लाखों रुपए फेंकने से हिचकते नहीं हैं। स्वागत समारोह में सार्वजनिक रूप से प्रोजेक्टर के माध्यम से लोगों को दिखाया जाता है कि हम शादी से पहले ये सभी रस्मों को निभा चुके हैं। बस समाज के सामने मंत्रोच्चारण द्वारा शादी करना ही रह गया था। प्रोजेक्टर के माध्यम से ऐसे प्रसारण करते हैं मानो...बहुत ही अच्छा कार्य किया गया हो। सम्मान मिलने के स्थान में उनकी बदनामी होती है खैर....क्या फर्क पड़ता है...? पड़ोस में शादी हुई तो उनके बेटे-बहू ने प्री वेडिंग करवाया था, सो...हम उससे भी अच्छी जगह जा कर करवाएंगे प्री वेडिंग !लोग स्वयं को दिग्भ्रमित कर लेते हैं और भेड़ की चाल चलने लगते हैं। कहीं कहीं बड़े बुजर्गों को नजरें झुका कर चलने में मजबूर कर देते हैं। पश्चिमी सभ्यता के अनुसार सोच बदल ही रहे हैं तो एक बात है की वहाँ एक नहीं अनेक विवाह करने की सभ्यता है, पति या पत्नियां बदलना वहाँ फैशन सा है। तो क्या? हमारे हिंदू युवक-युवती भी आने वाले समय में इसे अपनाने में कसर नहीं छोड़ेंगे? बच्चों पर क्या असर पड़ता है इसका ख्याल रखना भी जरूरी है। ये सब परंपराएं बंद होनी चाहिए। रिश्तेदार और मित्र ऐसे खुश होते हैं जैसे खुद की शादी हो रही । श्री डेज़ टूगो...स्टेटस ऊपर स्टेटस! इंतजार ही नहीं होता। कब वो दिन आए और कब आनंद लें! फिर क्या, शादी के बाद पूछता ही कौन है? चुनाव जीतने के बाद प्रत्याशी कहाँ गए पता ही कहाँ चलता है। जैसे-जैसे शादी नजदीक आती है रिश्तेदारों और मित्रों का स्टेटस के माध्यम से प्रचार-प्रसार बना रहता है। शिष्टाचार बखूबी निभाते हैं।

फोटोग्राफर हाँ! इन दिनों फोटोग्राफर की कमाई में कोई शक नहीं, क्योंकि प्री-वेडिंग के चलते उनकी कमाई दुगुनी हो गई है। फ्री में खाना-पीना, नए-नए जगहों में जाना। उनके जीवन में बदलाव आने लगा है। पाँचों उंगलियाँ घी में डूबी होती हैं। काफी खुश दिखाई पड़ते हैं। तीन मिनट के वीडियो में लाखों रुपए कमाना। वाह! वे सोचते हैं हर दिन ऐसे ही लोग प्री वेडिंग कराते रहें। और हम नोट गिनते रहें।

मेरी बातों से बहुत से सामाजिक/सज्जन व्यक्तियों को ठेस पहुँची होगी। तीखी मिर्ची भी लगी होगी, क्यों? क्योंकि...वे स्वयं अपने-अपने विवाह से पूर्व प्री वेडिंग करवा चुके होंगे।सो...सच तो कडुआ होता है न! (सत्यं सदा कटु एव भवति)। निवेदन है कि पश्चिमी सभ्यता को छोड़कर भारतीय परंपराओं पर प्रकाश डालें। बच्चों को धार्मिक और आध्यात्मिकता से जोड़ें। विदेशों में भारतीय परंपराएं अपनाई जा रही हैं और हमारे देश के सभ्य नागरिक अपने ही गौरवशाली और मर्यादित रीति रिवाजों में पीछे होते जा रहे हैं।

# बिगड़ैल औलादों ने खराब किया दो बड़े नेताओं का बुढ़ापा

उत्तर भारत में भाजपा के सांसद बृजभूषण सरन सिंह की बहुत चर्चा है। वह लंबे समय तक भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष थे, कई महिला पहलवानों ने आरोप लगाया कि उन्होंने उनका यौन शोषण किया। जांच चल रही है, मामला अदालत में है, भाजपा ने इस बार उनका टिकट काट दिया है।



दूसरी चर्चा दक्षिण भारत के कर्नाटक से आई है, जहां पूर्व प्रधानमंत्री हरदनहल्ली डोडेगौडा देवेगौडा का विधायक बेटा एचडी रेवन्ना और सांसद पोता प्रज्ज्वल रेवन्ना सेक्स स्कैंडल में फंस गए हैं। बिहार की लालू प्रसाद यादव की राजद और मुलायम सिंह यादव की सपा की तरह कर्नाटक में देवेगौड़ा की जेडीएस भी परिवार आधारित पार्टी है। ये तीनों ही पार्टियां जनता पार्टी से निकली हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में खुद पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौडा ने अपनी लोकसभा सीट अपने पोते प्रज्ज्वल रेवन्ना के लिए खाली की थी। लेकिन उनके विधायक बेटे और सांसद पोते ने उनका बुढ़ापा खराब कर दिया। इससे पहले ऐसा ही जगजीवन राम के साथ हुआ था, जब उनके बेटे सुरेश कुमार ने उनका बुढ़ापा खराब कर दिया था। एचडी देवेगौडा खुशनसीब हैं कि जब वह प्रधानमंत्री बने थे, तो उनका पोता सिर्फ 6 साल का था, इसलिए वह प्रधानमंत्री बन गए, लेकिन जगजीवन राम अपने बेटे सुरेश राम की ऐसी ही हरकतों की वजह से ही प्रधानमंत्री नहीं बन पाए थे। अब जब जेडीएस के सांसद और हासन से जेडीएस के उम्मीदवार प्रज्ज्वल रेवन्ना के सेक्स वीडियो मार्केट में आ गए हैं तो जेडीएस को एनडीए में शामिल करके और कर्नाटक में सीट शेयरिंग करके भारतीय जनता पार्टी भी बुरी तरह फंस गई है। हालांकि भारतीय जनता पार्टी के नेता और वकील देवराज गौडा ने ही जनवरी 2024 में प्रज्ज्वल रेवन्ना के सेक्स वीडियोज का मुद्दा उठाया था।

उन्होंने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र को उन वीडियोज के बारे में बता दिया था। उन्होंने उन सब वीडियो की पेन ड्राईव नत्थी करते हुए कोर्ट में केस दर्ज किया था, जिन्हें 26 अप्रेल को हासन लोकसभा सीट का चुनाव होने से कुछ दिन पहले कांग्रेस ने वायरल कर दिया। कांग्रेस के नेताओं का तो दावा है कि ये वीडियो कई महीनों से मार्केट में थे। सच यह है कि जून 2023 में ये वीडियो सोशल मीडिया पर दिखाई देने लगे थे और प्रज्ज्वल रेवन्ना ने इन वीडियो को फेक बताते हुए मीडिया के खिलाफ कोर्ट में केस भी दर्ज किया था। भाजपा नेता देवराज गौड़ा लंबे समय से देवेगौड़ा परिवार से राजनीतिक लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्हीं की चुनाव याचिका के चलते 2023 में कर्नाटक हाईकोर्ट ने प्रज्ज्वल रेवन्ना का लोकसभा के लिए निर्वाचन रद्द घोषित कर दिया था, लेकिन सुप्रीमकोर्ट ने हाईकोर्ट का फैसला पलट दिया था।

**-अजय सेतिया-**

## हमसफर



मुस्कान केशरी
मुजफ्फरपुर बिहार

मेरे बात पर बात तेरे मुस्काना,
मेरे दिल को खूब लुभाता है, -2
कि
तेरे बारे में कुछ कुछ लिखना,
वो सब को पसंद आ जाता है, -2
कि
तेरी बातों को बस सुन लेना,
क्योकि मुझे समझ नही आता है,-2
कि
प्यारी भरी बातो से,
तूने मुझे अपना दीवाना बनाया है,-2
अब आगे बढ़ू, तो कैसे बढ़ूँ है,
मेरे दिल तो तेरा दीवाना,
मुझे तुझसे दूर नहीं जाना,
तेरे संग ही जीवन बिताना है,
तुझे अपना जीवनसाथी बनाना है।।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



श्याम सुंदर साहू
राजिम जिला
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

## छत्तीसगढ़ के बोरे बासी

बासी ह छत्तीसगढ़ के परमुख बियंजन आय
अउ एहा गरमी के दिन के मुख्य आहार आय
नून चटनी अउ गोंदली संग म अब्बर मीठाथे
छत्तीसगढ़ के बोरे बासी मोला गजब सुहाथे।
कतको पोषक तत्व के भरपूर मातरा हे जेमा
एक गुन ल का कहांव कई गुन समाये हे एमा
जेला खाके लइका सियान सब तृप्त हो जाथे
छत्तीसगढ़ के बोरे बासी मोला गजब सुहाथे।
रतिहा के बाचे भात ल भींगोए ले बनते बासी
जेला खाए ले नई होवय पेट पिरा अउ खांसी
बड़े बड़े सब मनखे मन बासी ल पेटभर खाथे
छत्तीसगढ़ के बोरे बासी मोला गजब सुहाथे।
बनिहार ह खेत म बोरे बासी ल धरके ले जाथे
भूख लागथे त बासी ल खाके दिनभर कमाथे
अब विदेश के मन भी एकर बखान ल कराथे
छत्तीसगढ़ के बोरे बासी मोला गजब सुहाथे।
एक मई के सब झन बोरे बासी दिवस मनाबो
अमसूरहा आम के चटनी संग बासी ल खाबो
मिरचा चटनी अउ भाजी संग अब्बर मीठाथे
छत्तीसगढ़ के बोरे बासी मोला गजब सुहाथे।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



## मैं मजदूर हूँ



अशोक पटेल आशु
तुस्मा,शिवरीनारायण
(छत्तीसगढ़)

मैं मजदूर हूँ,
मजदूरी मेरा पेशा है।
मैं मजदूरी करूँगा,
तो मेरा जीवन चलेगा।
बिना मजदूरी के
मैं भूखे रह जाऊंगा।
मैं पसीना बहाता हूँ
पसीने से ही नहाता हूँ।
और इसी पसीने से
मैं एक नया विकास के
कीर्तिमान गढ़ता हूँ।
मेरे पसीने में शक्ति है
यह बंजर जमीन को
सिंचन करता है।
असमतल जमीन को
समतल बनाता है।
दलदल जमीन को
ठोस का जामा पहनाता है।
मेरे पसीने में चमत्कार है
जिसे दुनिया,
करती नमस्कार है।
पसीना का सम्मान है।
पर मेरा होता
सदा अपमान है।
मेरे पसीने की कीमत है।
पर उसकी वाजिब कीमत
कहाँ है?
यही मेरे लिए विडम्बना है।
मेरे बाजुओं में दम है,
ताकत है।
मेरी बाजू कभी
आराम नही करती।
यदि यह बाजू हथियार डालदे,
तो गज्जब हो जाए।
दुनिया का आवागमन रुक जाए।
हाहाकार मच जाए।
विकास की सभ्यता थम जाए।
मेरे ऊपर सारी,
दुनिया का भार है।
पर मेरा भार कोई ,
लेना नही चाहता।
मुझे भी चैन सुकून चाहिए,
सबका विकास मैं करूँगा
मेरा भी विकास करदो।
मुझे भार हीन करदो,
भारहीन करदो।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



## बनिहार के गोठ



लक्ष्मी नारायण सेन
खुटेरी गरियाबंद (छत्तीसगढ़)

ओला मिले नइ मिले रोजी
भुख पेट लइका के फिकर हे
सुख आउ दुख ला भुला के
ओहा घर बिहाने निकलत हे।।
कभु छइयां कभु घाम कोरा मा
अपन छोट पीला ला उठाते हे
जम्मो तन भिगत पसिना मा
तभो ले जम्मो बेरा हासत हे।।
आनी बानी ईटा पत्थर मा
जम्मो दिन मुड़ ला सजावत हे
धान चाउर रूपिया मिले बनी मा
अपन घर ला सुग्घर चलावत हे।।
जम्मो बर बड़े बड़े महल बनावतं
अपन हा छित्का कुरिया मा रहत हे
जम्मो बर गाड़ी मोटर ला सजावत
अपन हा सड़क मा सुग्घर रेंगत हे
जम्मो बर पतला चाउर उपजावत
अपन हा मोटा चाउर ला खावत हे
धनवान धन मा सजत हे
गरीब गरीबी मा पिसावत हे
जम्मो ला जेब के चिंता हे
मोला तो अपन पेट के चिंता हे

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर ......................न्यायालय...................... के अधीन होगा।

C M Y K

# सरगुजा को सीएम और तीन मंत्री देने वाले पीएम मोदी को आपका हर वोट मजबूती देगा : विष्णु देव साय

» परिश्रम अभी जारी है,फिर मोदीजी की बारी है : विष्णु देव साय

» जनता दे रही मोदीजी को तीसरी बार पीएम बनाने की गारंटी : चिंतामणि







**- संवाददाता -**

**रामानुजगंज/ बलरामपुर,30 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

छत्तीसगढ़ की सरगुजा लोकसभा सीट पर तीसरे चरण के अंतर्गत 7 मई को मतदान है। इसे लेकर मतदाताओं में विशेष उत्साह है। सोमवार को रामानुजगंज जिला बलरामपुर में भारतीय जनता पार्टी की चुनावी जनसभा में उमड़े विशाल जनसमूह ने साबित कर दिया है कि जनता एक बार फिर मोदी जी गारंटी पर मुहर लगाने को तैयार है। यहां विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं के परिश्रम से अबकी बार प्रदेश की सभी 11 सीट पर कमल खिलेगा,उन्होंने कहा कि मैं आप सभी से आशीर्वाद मांगने आया हूं कि आप भाजपा प्रत्याशी श्री चिंतामणि महाराज को जीताकर दिल्ली भेजें। आगामी 7 मई को आपका वोट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को मजबूत करेगा। अपने वोट से आपने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का जैसे सूपड़ा साफ किया है, वैसे ही लोकसभा में भी करना है। विष्णुदेव साय ने कहा कि सरगुजा क्षेत्र से ही आने वाले आपके बेटे परिवार के सदस्य को राज्य का मुख्यमंत्री भाजपा ने बनाया है। मोदी जी का यह छत्तीसगढ़ और सरगुजा के प्रति स्नेह है। उन्होंने कहा कि यहां से प्रदेश की कैबिनेट में तीन सदस्य हैं सरगुजा संभाग से हैं। राम विचार नेताम,श्याम बिहारी जायसवाल और श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े कैबिनेट में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार ने कोयला,शराब,रेत,डीएमएफ और तो और गोबर में भी भ्रष्टाचार किया। यहां तक की पांच साल तक राज करने वाली कांग्रेस सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री के ऊपर अब एफआईआर दर्ज है, उन्होंने महादेव के नाम पर भी प्रोटेक्शन मनी ले ली...हमारे बच्चों को जुएं की लत लगाने वाली पार्टी को सबक सिखाना होगा। विष्णुदेव साय ने कहा कि कांग्रेस भाजपा के नेताओं के बयान को तोड़मरोड़कर पेश करती है, इससे बचना होगा।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम ने कहा कि विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता ने जिस तरह भाजपा को आशीर्वाद दिया, उसके फलस्वरुप ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ को पहला आदिवासी मुख्यमंत्री देने का गौरवांवित कार्य किया है। उन्होंने कहा कि इतनी चिलचिलाती धूप में दूसरी किसी पार्टी के कार्यकर्ता नहीं आते हैं...लेकिन भाजपा के कार्यकर्ता गरीब और किसानों की लड़ाई लड़ते हैं। इस अवसर पर चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए श्री चिंतामणि महाराज ने कहा कि जनता के बीच की गई हर मोदी की गारंटी पूरी हो चुकी है। अब सरगुजा की आम जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी लेते हुए भाजपा को अपना आशीर्वाद प्रदान करे यही आग्रह और निवेदन है।



## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे सूरजपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित

छत्तीसगढ़ में तीसरे चरण के चुनाव को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा सरगुजा की सूरजपुर विधानसभा में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी देते हुए सरगुजा लोकसभा सह संयोजक अखिलेश सोनी ने बताया कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी की विशाल जनसभा 4 मई को सूरजपुर में आयोजित होगी,वहीं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 01 और 2 मई को क्रमशः सीतापुर और सामरी विधानसभा में तथा 3 मई को प्रेमनगर विधानसभा में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। उल्लेखनीय है कि सरगुजा लोकसभा से चिंतामणि महाराज भाजपा की ओर से प्रत्याशी हैं जिनके समर्थन में हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंबिकापुर में विशाल जनसभा को संबोधित किया था और अब भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी के आगमन से पूरा सरगुजा लोकसभा भाजपामय होता दिख रहा है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री जी की आगामी चुनावी जनसभाओं को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में ज़बर्दस्त उत्साह है।



## प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पार्टी नेताओं व कार्यकर्ता को देंगे जीत का मंत्र

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव कल 1 मई को सरगुजा के प्रवास पर आ रहे हैं, इस दौरान वह भाजपा कार्यालय सरगुजा में लोकसभा कोर कमेटी के सदस्यों व पार्टी के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देंगे। इस दौरान वह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा की प्रस्तावित यात्रा से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा भी करेंगे। उल्लेखनीय है कि सरगुजा में 7 मई को मतदान है तथा यहाँ भाजपा से चिंतामणि महाराज प्रत्याशी हैं।

# पायलट ने भाजपा पे साधा निशाना

**- संवाददाता -**

**अम्बिकापुर,30 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

कांग्रेस महासचिव और प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने कहा कि हम लोगों ने अपने घोषणापत्र में रोजगार, युवा, किसान, महिला के लिए घोषणाएं की है। पायलट ने कहा कि भाजपा जब उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये माफ कर सकती हैं तो गरीब माता-बहनों के खाते में साल में एक लाख रुपये क्यों नहीं आ सकता है..? कांग्रेस ने इसकी गारंटी दी है। मंगलवार को सरगुजा लोकसभा के अम्बिकापुर में सद्भावना चौक,नया बस स्टैंड और गांधी चौक में आयोजित नुक्कड़ सभाओं में पायलट ने कहा कि भाजपा का जाना तय है, जो सरकार केंद्र में बैठी है, वह सिर्फ वादा करती हैं।



पहले दो चरण के वोटिंग के बाद भाजपा चार सौ पार के नारे को भूल चुकी है। हार सामने देख मोदी और उनकी पार्टी के नेता अराजक और झूठे भाषण दे रहे है। संवैधानिक संस्थाओं को लगातार कमजोर किया जा रहा है। सबसे बड़े विपक्षी दल कांग्रेस का खाता सील किया गया। दो दो मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया गया यह केंद्र सरकार की हताशा को दर्शाता है। कांग्रेस पार्टी ने युवाओं,महिलाओं, किसानों मजदूरों पर केंद्रित कर अपनी योजना बनाई है। महंगाई, बेरोजगारी को देखते हुए आप लोगों को अपने वोट का सदुपयोग करना चाहिए। सरगुजा लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी शशि सिंह के समर्थन में पायलट प्रचार कर रहे थे। कार्यक्रम को जिपं उपाध्यक्ष आदित्येश्वर सिंह देव,ने कहा कि भाजपा घर-घर में महंगाई लाई। कांग्रेस गांधी, की विचारधारा वाली पार्टी है। भाजपा ने 10 साल पहले चुनाव में बड़े-बड़े वादा किए, लेकिन सरकार ने सभी वर्गों को धोखा देने का काम किया है। हम गर्व कर सकते है कि घोषणापत्र बनाने में सरगुजा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव घोषणापत्र समिति के संयोजक थे। कार्यक्रम को शफी अहमद, अजय अग्रवाल,राकेश गुप्ता,जेपी श्रीवास्तव,द्वितेंद्र मिश्रा सहित अन्य वक्ताओं ने सम्बोधित किया।

# कांग्रेस के झूठ की फैक्ट्री में ताला लगाने को तैयार है... छत्तीसगढ़ की जनता : कमलभान सिंह, पूर्व सांसद सरगुजा

**- संवाददाता -**

**अंबिकापुर,सरगुजा,30 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**



छत्तीसगढ़ के सरगुजा से पूर्व सासंद व सरगुजा लोकसभा संयोजक कमलभान सिंह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा है कि 50 साल से अधिक समय तक राज करने वाली कांग्रेस पार्टी ने हमेशा झूठ की राजनीति की है। कभी किसानों को तो कभी गरीब, आदिवासी और पिछड़े वर्ग को झूठ की राजनीति का शिकार करती रही है। कमलभान सिंह ने कहा कि जाति जनगणना की बात करने वाली कांग्रेस को चुनाव के समय ही सामाजिक न्याय की याद आती है। उन्होंने कहा कि क्या कांग्रेस के साथी बताएंगे कि पांच दशक तक देश में राज करने वाली कांग्रेस ने ओबीसी समाज के लिए क्या किया...आदिवासियों के लिए क्या किया.. उन्होंने कहा कि ओबीसी को 27 प्रतिशत आर्थिक और शैक्षणिक आरक्षण भाजपा समर्थित जनता पार्टी की सरकार के कार्यकाल में मिला..उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने ओबीसी वर्ग को शैक्षणिक क्षेत्र में आरक्षण की सुविधा दी। यही नहीं मोदी सरकार ने सामान्य वर्ग के निर्धन वर्ग को भी आर्थिक आधार पर आरक्षण देने का काम किया है। मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका प्रयास तथा सबका विश्वास के मंत्र पर चलती है। वहीं देश में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या करने वाले और संविधान को खत्म करने वाले आज आरक्षण और संविधान बदलने का झूठ फैला रहे हैं। जनता इनकी झूठ की दुकान पर इस लोकसभा चुनाव में ताला लगाएगी। कमलभान सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली डबल इंजन की सरकार को लेकर छत्तीसगढ़ के मतदाताओं में अभूतपूर्व उत्साह है। आज हम दुनिया की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। पिछले दस साल में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। 4 करोड़ से अधिक लोगों को प्रधानमंत्री आवास, 50 करोड़ से अधिक जनधन खाते, 10 करोड़ उज्ज्वला गैस कनेक्शन, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं लोगों के जीवन स्तर में बदलाव ला रही हैं। छत्तीसगढ़ में 3100 रुपये प्रति क्विंटल में धान की खरीदी व बोनस तथा अंतर राशि के साथ महतारी वंदन योजना जैसी मोदी की सभी गारंटियां पूरी हो चुकी हैं। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी है जो जाति और मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए हर रोज नया शिगूफा छोड़ती है। वह तो गरीब और मध्यमवर्ग की मेहनत की कमाई को एक समुदाय विशेष को देने का प्लान तैयार कर चुके हैं।

कमलभान सिंह ने कहा कि प्रदेश की सभी 11 सीट पर कमल खिलेगा और अबकी बार 400 पार का मंत्र चरितार्थ होगा। उन्होंने लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं को 7 मई को तीसरे चरण में सरगुजा से भाजपा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज को भारी से भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की है।



## तपती गर्मी में भारत स्काउट गाइड के द्वारा गुड एवं पानी की व्यवस्था

**- संवाददाता -**

**प्रतापपुर, 30 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

शासकीय भारत स्काउट गाइड प्याऊ जल व्यवस्था के तहत यात्री प्रतीक्षालय बस स्टैण्ड प्रतापपुर में शा.उ.मा.वि.करसी के स्काउट/रोवर के द्वारा विकासखण्ड सचिव प्रेमसिंधु सिंधु मिश्रा,रोवर लीडर विनय कुमार तिवारी, प्रभारी राजेश कुमार तिर्की के उपस्थिति में यात्रियो को गुड के साथ पानी पिला कर तपती धूप मे प्यास बुझाया गया। इस पुनित कार्य में प्रतापपुर राजघराना होटल के संचालक एवं वरिष्ठ पत्रकार राजेश गुप्ता का सराहनीय योगदान रहा है आज उनके द्वारा गुड की व्यवस्था किया गया था तथा ऐसे नेक कार्यो के लिए हमेशा समर्पित रहते रहते है। जहां हजारों की संख्या में यात्री प्रतीक्षालय में लोगों ने जल एवं गुड का आनंद लिया जो सराहनीय है। साथ में ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए लोगों व यात्रियों के लिए काफी धूप भारी गर्मी में सराहनीय पहल रहा वही लगातार भारत स्काउट गाइड के द्वारा हर जगह पर ब्याव जल के साथ में सेवा दे रहे हैं।

# तापमान रहा 40.5 डिग्री,तेज धूप व गर्म हवाओं से लोग परेशान

**- संवाददाता -**

**अंबिकापुर,30 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

मंगलवार को अंबिकापुर का अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री रहा। तेज धूप व गर्म हवाओं ने लोगों को घर से निकलने नहीं दिया। लोग आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले वह भी अपने चेहरों को गुमछा व स्कार्प से बांध कर। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार अगले 3-4 दिनों के दौरान मध्य भारत का तापमान 2 से 3 डिग्री तक बढने् की अनुकूल परिस्थितियां है। 4 -5 मई के आसपास पुनः पछुवा के प्रभाव होने की अनुमान जताई जा रही है।

मौसम वैज्ञानिक एएम भट्ट के अनुसार अम्बिकापुर और इसकी परिधि का उत्तरी छत्तीसगढ़ पर अप्रैल का महीना एक मिश्रित जलवायु की छाप छोड़ कर आगे बढ़ गया। अमूमन अप्रैल का पूर्वार्ध मार्च के उत्तरार्ध के तपिश का अवलम्बन करता हुआ आगे बढ़ता है और अपने उत्तरार्ध की अवधि में वायुमंडल की तापीय ऊर्जा को 40 डिग्री के पार तक ले जाता है। परंतु अप्रैल में कभी भी एकतरफा तापमान वृद्धि नहीं देखी जाती। इस माह में पछुआ की आवृत्ति 5 से 6 तक रहती है जो



अपने साथ तीव्र वायु झंझा,गरज-चमक के साथ ओला युक्त वृष्टि करती है जिससे उत्तरोत्तर बढ़ते दैनिक तापमान पर अंकुश लगता है और उत्तरी छत्तीसगढ़ का वातावरण शीतलता हो कर सुहावना बन जाता है।

यदि पिछले 50-55 वर्षो के अप्रैल के मासिक औसत अधिकतम तापमान पर नजर डालें तो हम पाते हैं कि अप्रैल का औसत अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री, न्यूनतम 21.2 डिग्री और औसत वर्षा 15.8 मिमी होती थी। 2024 में अप्रैल में अम्बिकापुर का औसत तापमान 36.3 डिग्री न्यूनतम तापमान 20.2 डिग्री और कुल वर्षा 14.5मिमी दर्ज किया गया। 7 अप्रैल के लगातार 36 से 39 डिग्री तामपान के बीच बना हुआ था जो हमारे शरीर के तापमान अधिक था लिहाजा हमें वायुमंडलीय तपिश महसूस कराने में सक्षम था। इस दौरान न्यूनतम तापमान भी 18 से 21 डिग्री के बीच विचलित होता रहा था। परंतु अप्रैल के पहले सप्ताह में सक्रिय हुए एक ताकतवर पछुआ के झोंको का व्यापक प्रभाव दिखा जिससे उत्तरी छत्तीसगढ़ के सभी इलाकों में 6 व 7 अप्रैल को व्यापक वर्षा और ओलावृष्टि हो गई जिससे वायुमंडल में त्वरित शीतलता से अधिकतम तापमान गिर कर 26.0 डिग्री और न्यूनतम 15.7 डिग्री पर आ गया। इस समय गर्मी से व्याकुल जन जो पंखे, कूलर और एसी की शरण में जा चुके थे उन्हें गर्म कपड़ों की आवश्यकता महसूस हुई थी। पछुआ का प्रभाव कम होते ही तापमान पुनः बढने् लगा था और 19 अप्रैल को उच्चतम मासिक 40.5 डिग्री तक पहुंचा था। इस समय न्यूनतम तापमान में भी उछाल आया था और उच्चतम न्यूनतम तापमान 22 डिग्री के ऊपर चला गया था। इस दौरान कुछ कमजोर पछुआ अवश्य प्रभावी हुए पर वे उत्तरी छत्तीसगढ़ तक अपनी ऊर्जा पहुँचा पाने में सक्षम नहीं रहे। 20 अप्रैल के बाद अल्प अंतराल में त्वरित 3 पश्चिमी विक्षोभ मध्य भारत पर प्रभावी हुए जिसके प्रभाव से उत्तर छत्तीसगढ़ पर सूर्य किरणें अपनी रौद्रता के प्रयास में सक्षम नहीं हो पाई और 40 डिग्री की सीमा में ही सिमटी रही। कुछ अवसरों पर बादलों की मोटी परतों के उपस्थिति के कारण रातें अवश्य 23 डिग्री तक गर्म रहीं और हमें रात में वातावरण की तीक्ष्ण उष्णता की अकुलाहट का अनुभव कराती रही।

# देश की जनता तीसरी बार मोदीजी को प्रधानमंत्री बनाने आतुर हैः ललन प्रताप सिंह

## अंबिकापुर में भाजपा ने तेजी से शुरू किया जनसंपर्क अभियान

**- संवाददाता -**

**अंबिकापुर,30 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

अंबिकापुर नगर में भाजपा ने अपना चुनावी जनसंपर्क अभियान तेजी से शुरू कर दिया है। आज भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने गांधीनगर,भगवानपुर तथा सुभाष नगर क्षेत्र में सघन जनसंपर्क किया। भाजपा का इस जनसंपर्क अभियान में रबीन्द्रनाथ टैगोर वार्ड,भगवानपुर वार्ड, मदर टेरेसा वार्ड, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, वीर सावरकर वार्ड तथा फुंदुरडिहारी सेंट्रल वार्ड के मतदाताओं से भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी चिंतामणी महाराज के लिए वोट मांगे तथा तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि देश की जनता मोदीजी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के



लिए आतुर है। मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षो में देश व जनता के हित में जो जनकल्याणकारी काम किए हैं उससे आम जनता खुश है तथा फिर से भाजपा को ही वोट करना चाहती है। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता संजय अग्रवाल, मनोज गुप्ता, अभिषेक शर्मा, वीरेंद्र बघेल, शैलू सिंह, निश्चल सिंह, कमलेश तिवारी, विपिन पांडे, रिंकू वर्मा, निरंजन राय, संजय सोनी, किशोर पांडे, शरद सिन्हा, सर्वेश तिवारी, मंजूषा भगत, अनिल तिवारी, रोचक गुप्ता, नीलम राजवाडे, मयूरी पटेल, प्रियंका चौबे, सरिता जायसवाल, मनीष कश्यप, नितिन गुप्ता तथा मयंक जायसवाल,

सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बड़ी संख्या में अपने कार्यस्थलों पर मनरेगा श्रमिकों ने मतदान करने की ली शपथ

**- संवाददाता -**

**अंबिकापुर,30 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में जिले में स्वीप अंतर्गत व्यापक रूप से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप नोडल नूतन कुमार कंवर के निर्देशन में शत-प्रतिशत मतदान के लिए विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन जिले के समस्त विकासखण्डों की ग्राम पंचायतों में किया जा रहा है।



इसी कड़ी में जनपद पंचायत सीतापुर के ग्राम पंचायत रायकेरा, गिरहुलडीह, हल्दीसांड एवं एरण्ड में, जनपद पंचायत उदयपुर के ग्राम पंचायत पण्डरीडांड, खोंधला, पण्डरीपानी, कुमडेवा एवं जनपद पंचायत लखनपुर के ग्राम पंचायत कंटिदा, बंधा, लोसंगी, लोसंगा, जनपद पंचायत अम्बिकापुर के ग्राम पंचायत घंघरी, खैरवार, हर्राटिकरा जनपद पंचायत लुण्ड्रा के ग्राम पंचायत उरदरा, ससौली, आसनडीह, में मनरेगा के तहत कार्यरत श्रमिकों ने बड़ी संख्या में मतदान करने की शपथ ली एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की चिट्ठी को मतदाताओं को वितरित किया गया जिसमें मतदान करने की अपील की गई है। लोकतंत्र के महापर्व में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु जिले के पंजीकृत मजदूरों को वर्तमान में मनरेगा अन्तर्गत चल रहे कार्यों में, सभी कार्यस्थलों पर श्रमिकों को दैनिक रूप से शपथ दिलाकर मतदान अवश्य करने का संदेश दिया जा रहा है।

# पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अदालत ने अवमानना का दोषी माना,9000 डॉलर का लगाया जुर्माना

**वाशिंगटन,30 अप्रैल 2024।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही है। मंगलवार को अमेरिका की एक अदालत ने उन्हें अवमानना का दोषी ठहराया है। गैग के आदेशों का बार-बार उल्लंघन करने के लिए अदालत ने उनपर नौ हजार अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया है। गैग ने उन पर गुप्त धन मामले से जुड़े गवाहों, जूरी सदस्यों सहित अन्य चीजों के बारे में सार्वजनिक रूप से बयान देने पर प्रतिबंध लगाया था। गौरतलब है कि अमेरिका में इस साल के अंत में राष्ट्पति पद के लिए चुनाव होने वाले हैं। पूर्व राष्ट्पति ट्रंप और वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच सीधा मुकाबला है।



### उल्लंघन के नौ मामलों में आरोपी पाए गए ट्रंप

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अभियोजकों ने ट्रंप के खिलाफ 10 मामलों के उल्लंघन का आरोप लगाया था। हालांकि, न्यायाधीश जुआन एम. मर्चन ने उन्हें नौ मामलों में उल्लंघन का आरोपी माना। कोर्ट का यह अर्थदंड ट्रंप के लिए एक कड़ी फटकार है क्योंकि वह हमेशा कहते थे कि वे अपने स्वतंत्र भाषण के अधिकारों का प्रयोग कर रहे हैं। ट्रंप के साथ-साथ आज उनका बेटा एरिक भी अदालत आए थे। ऐसा पहली बार हुआ कि ट्रंप के साथ उनके परिवार का कोई सदस्य उनके आपराधिक मुकदमे में शामिल हुआ।

### मामले में हुई पहली गवाही

हाल ही में मामले में अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ नेशनल इन्क्वायरर प्रकाशक डेविड पेकर ने गवाही दी थी। पेकर ने बताया था कि उन्होंने 2016 में ट्रंप की राष्ट्रपति की दावेदारी में मदद करने के लिए अपने टैब्लॉइड का उपयोग करने के लिए गोपनीय समझौता किया था। पेकर आपराधिक गुप्त धन मुकदमे के पहले गवाह हैं। पेकर ने न्यूयॉर्क की अदालत में कहा कि 2015 में उन्होंने ट्रंप से कहा था कि इन्क्वायरर आपके बारे में सकारात्मक कहानियां प्रकाशित करेगा।

### ट्रंप की मदद करना मतदाताओं को धोखा देना

पेकर ने ट्रंप को 2016 के चुनावों में कथित विवाहेतर संबंधों की कहानियों को दबाने में मदद की। यौन दुर्व्यवहार के कई आरोपों का सामना कर रहे ट्रंप की मदद करना मतदाताओं को धोखा देना है। पेकर ने ट्रंप पर पोर्न स्टार डेनियल्स को दिए 1,30,000 डॉलर के भुगतान को छिपाने के लिए व्यवसायिक रिकॉर्ड में आपराधिक रूप से हेराफेरी करने का आरोप लगाया है। हालांकि, वकीलों का तर्क है कि ट्रम्प ने कोई अपराध नहीं किया।

### स्टार्मी डेनियल को दिए 130,000 डॉलर

ट्रंप के पूर्व वकील माइकल कोहेन ने स्टॉर्मी डेनियल को 130,000 डॉलर का भुगतान किया था। ऐसा इसलिए क्योंकि स्टॉर्मी डेनियल ट्रंप के साथ अवैध संबंधों को लेकर चुप्पी साधे रखें। इस मामले में ट्रंप ने डेनियल के साथ संबंधों से इनकार किया है।

# बड़े संगठनात्मक बदलावों से गुजर रही चीनी सेना,सैन्य ताकत के साथ ही सूचना क्षमताओं को बढ़ाने पर भी फोकस

**बीजिंग,30 अप्रैल 2024।** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेतृत्व में चीन की सेना बड़े संगठनात्मक बदलावों से गुजर रही है। शी जिनपिंग ने सेना में बदलाव की शुरुआत साल 2015-16 में की थी। इसके तहत अभी तक चीन की सेना से तीन लाख सैनिकों को हटाया जा चुका है। साथ ही संयुक्त थिएटर कमांड बनाने का साथ ही सेना को विभिन्न विभागों के तहत लाया गया है। चीन की सेना ने रॉकेट फोर्स पर खासा फोकस किया है। साल 2015 में चीन ने स्ट्रैटेजिक सपोर्ट फोर्स का गठन किया था, लेकिन अब खबर आ रही है कि चीन ने स्ट्रैटेजिक सपोर्ट फोर्स की जगह इंफोर्मेशन सपोर्ट फोर्स का गठन किया है।



19 अप्रैल को बीजिंग में पीएलए का एक उच्च स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें इंफोर्मेशन सिस्टम डिपार्टमेंट ने स्ट्रैटेजिक सपोर्ट फोर्स की जगह ली। हालांकि स्ट्रैटेजिक सपोर्ट फोर्स की दो शाखाएं स्पेस सिस्टम डिपार्टमेंट और नेटवर्क सिस्टम डिपार्टमेंट काम करना जारी रखेंगी। चीन की सेना में अब थल सेना, नौसेना, वायुसेना के साथ ही रॉकेट फोर्स भी मौजूद है। साथ ही पीएलए में अब इंफोर्मेशन सिस्टम्स डिपार्टमेंट के अलावा जॉइंट लॉजिस्टिक फोर्स, एयरोस्पेस फोर्स, साइबरस्पेस फोर्स शामिल हैं। ये सभी शाखाएं सेंट्रल मिलिट्री कमीशन के तहत आती हैं और इस सेंट्रल मिलिट्री कमीशन के अध्यक्ष चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग हैं। नए बनाए गए इंफोर्मेशन सिस्टम डिपार्टमेंट का प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल बी यी को बनाया गया है। स्ट्रैटेजिक सपोर्स फोर्स के प्रमुख रहे जनरल जु कियानसेंग को अभी नहीं जिम्मेदारी नहीं दी गई है। माना जा रहा है कि शीर्ष नेतृत्व स्ट्रैटेजिक सपोर्ट फोर्स के काम से संतुष्ट नहीं था।

# सेवानिवृत प्रधान आरक्षक सेठी प्रसाद की अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण होने पश्चात सम्मान समारोह आयोजित कर दी गई भावभीनी विदाई



- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

» शाल,श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित कर स्वस्थ्य जीवन हेतु दी गई शुभकामनायें

» सम्मान समारोह के दौरान ही प्रधान आरक्षक के सभी कार्यालयींन औपचारिकताएं पूर्ण कर पी.पी.ओ. आदेश प्रदान किया गया...

सरगुजा पुलिस मे पदस्थ प्रधान आरक्षक सेठी प्रसाद के सेवानिवृत होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार मे सम्मान समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई, सम्मान समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक सरगुजा ने कहा कि आरक्षक एवं प्रधान आरक्षक पुलिस विभाग मे प्रथम स्तर पर आमजनों से रोजाना मिलकर उनके तकलीफो से रूबरू होते हैं, समस्याओ कों सुनकर उनका निराकरण करने एवं अन्य संवेदनशील मामलो मे आरक्षक एवं प्रधान आरक्षक की भूमिका मुख्य होती हैं, आप जैसे अनुभवशील एवं संवेदनशील पुलिस कर्मचारियों के माध्यम से अच्छी पुलिसिंग हो पाती हैं, आज आपकी सेवानिवृत्ति पर सरगुजा पुलिस की ओर से आपके स्वस्थ्य जीवन की शुभकामनायें देता हू, और आगे निरंतर जीवन मे प्रगति करने की शुभकामनायें दी गई।

प्रधान आरक्षक सेठी प्रसाद से उनके कार्यकाल के अनुभव को साझा किया गया एवं सेवानिवृति के पश्चात की योजनाओं के संबंध मे भी जानकारी ली गई, कार्यक्रम मे पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा प्रधान आरक्षक को शाल श्रीफल के साथ मोमेंटो प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गई, साथ ही मौक़े पर ही प्रधान आरक्षक के सभी कार्यालयींन औपचारिकताये पूर्ण कर पी.पी.ओ. के आदेश जारी किये गए।

विदाई सम्मान समारोह के दौरान स्टेनोफबियानुस तिर्की, रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत, रीडर श्री गोमती यादव,एवं समस्त कार्यालयीन स्टाप एवं सेवानिवृत पुलिस अधिकारी के परिवारो के सदस्य शामिल रहे।

# हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे 02 आरोपी किये गए गिरफ्तार

» थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा आरोपियों से कब्जे से नगद 18060/- रुपये एवं ताश के 52 पत्ते किये गए जप्त

» मलगवां पंचायत भवन के पीछे सार्वजनिक स्थान पर आरोपियों द्वारा खेला जा रहा था जुआ



- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा जारी अभियान ''ऑपरेशन विश्वास'' के तहत् आपराधिक गतिविधियों के संलिप्त संदेहियो/आरोपियों पर लगातार कार्यवाही जारी है, इसी क्रम में मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है, दिनांक 28/04/24 कों थाना कोतवाली पुलिस पेट्रोलिंग टीम कों दौरान रात्रि गस्त मुखबीर सूचना मिली कि मलगवां पंचायत भवन के पीछे सार्वजनिक स्थान पर कुछ व्यक्तियों द्वारा रुपये पैसे का हार-जीत का दांव लगाकर ताशपत्ती के माध्यम से जुआ खेल रहे हैं।

सूचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके पर दबिश देकर आरोपियों की घेराबंदी कर 02 आरोपियों कों मौक़े से जुआ खेलते पकड़ा गया, पुलिस टीम कों देखकर अन्य जुवारी मौक़े से फरार हो गये,

आरोपियों से पूछताछ करने पर अपना नाम (01)साहिल खान उम्र 25 वर्ष साकिन दर्रीपारा अम्बिकापुर (02) राकेश सिंह उम्र 38 वर्ष साकिन साकिन दर्रीपारा मणीपुर का होना बताये आरोपियों के कब्जे से कुल 18060/- नगद एवं ताश का 52 पत्ता जप्त किया गया हैं, आरोपियों का कृत्य सदर धारा छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(2) का अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपियों कों गिरफ्तार कर मामले मे अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं।

सम्पूर्ण कार्यवाही मे सहायक उप निरीक्षक अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह, विजय रवि, आरक्षक जितेश साहू, मनीष सिंह शामिल रहे।

# विदेशी छात्रों को हफ्ते में 24 घंटे ही काम करने की अनुमति,कनाडा सरकार ने नियमों में किया बदलाव

**ओटावा,30 अप्रैल 2024।** कनाडा की सरकार ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए एक नया नियम बनाया है। इस नियम के तहत अब अंतरराष्ट्रीय छात्र हफ्ते में केवल 24 घंटे तक ही कॉलेज कैंपस से बाहर काम कर सकते हैं। यह नियम सितंबर से लागू होने वाला है। पहले अंतरराष्ट्रीय छात्रों को 20 घंटे से अधिक समय तक कैंपस से बाहर काम करने की अनुमति थी।



आप्रवासन, शरणार्थी और नागरिकता मंत्री मार्क मिलर ने कहा, छात्रों को कैंपस से बाहर प्रति सप्ताह 20 घंटे से अधिक काम करने की अनुमति देने वाली अस्थायी नीति 30 अप्रैल को समाप्त हो जाएगी। इसे आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। उन्होंने आगे कहा, हमारा उद्देश्य छात्रों द्वारा प्रति सप्ताह कैंपस से बाहर काम करने की संख्या को 24 घंटे में बदलने का है।

### कोविड-19 महामारी के दौरान हटाई गई थी 20 घंटे की सीमा

प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी वाली सरकार ने देश में कोविड-19 महामारी के दौरान अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए काम के समय पर 20 घंटे की सीमा को अस्थाई रूप से हटा दिया गया था। हालांकि, यह छूट मंगलवार को समाप्त हो रही है। बता दें कि कनाडा भारतीय छात्रों के लिए सबसे पसंदीदा स्थानों में से एक है। अंतरराष्ट्रीय शिक्षा के लिए कनाडाई ब्यूरो की 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, कनाडा में 3,19,130 भारतीय छात्र थे। यहां के कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में भारतीय छात्रों की संख्या सबसे अधिक है।

मिलर ने कहा, जो भी छात्र यहां आते हैं, उन्हें पढ़ाई के लिए यहां आना चाहिए। छात्रों को हफ्ते में 24 घंटे तक काम करने की अनुमति देने का मतलब है वे अपनी पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करेंगे। कैंपस के बाहर काम करने से अंतरराष्ट्रीय छात्रों को कार्य अनुभव प्राप्त करने और खर्चों की भरपाई करने में मदद मिलती है।

# सेवानिवृत शिक्षक/प्रधान पाठक को सेवानिवृत्ति के दिन पीपीओ देकर किया गया सम्मानित



- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल के निर्देश तथा विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सूरजपुर भानु प्रताप चन्द्राकर के प्रयास से पुष्पगुच्छ देते हुए सेवानिवृत्ति तिथि को पेंशन प्रकरण एवं स्वत्वों का निराकरण करते हुए उदयनाथ कुशवाहा, मा.शा. अजबनगर, श्रीमती बसंती सिंह प्रधान पाठक प्रा.शा. जोबगा विकास खण्ड सूरजपुर एवं विनय सिंह, प्रधान पाठक प्रा.शा. पहाडअमोरनी,नागेश्वर प्रसाद कुशवाहा प्रपा प्राशा कन्या बंजा एवं अजीजुल रहमान प्रपा माशा कन्या बंजा विकास खण्ड भैयाथान को पीपीओ प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षकों के अनुभवों का विभाग को लाभ मिलता रहे ऐसी शुभकामना दी। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा दीर्घायु एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी भैयाथान घनश्याम सिंह एवं विकास खण्ड शिक्षा कार्यालय सूरजपुर से लेखापाल देवेन्द्र कुमार साहु, जिला शिक्षा कार्यालय से हुलेश्वर गुप्ता, शैलेन्द्र सिंह उपस्थित थे। इस उपलब्धि पर पूरे स्टाफ के कार्यों की काफी प्रशंसा की और सेवानिवृत्त प्रधान पाठक के उज्जवल भविष्य की कामना की। सेवानिवृत्त शिक्षक/प्रधान पाठक के द्वारा भावुक होकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# दुष्कर्म करने की नाकाम कोशिश करने के मामले में आरोपी को किया गया गिरफ्तार

» पुलिस चौकी कुन्नी द्वारा मामले मे त्वरित कार्यवाही कर आरोपी के विरुद्ध की गई सख्त वैधानिक कार्यवाही

» नाबालिग बालिकाओं से सम्बन्धी अपराधों मे आरोपियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही जारी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा जारी अभियान ऑपरेशन विश्वास के तहत नाबालिग बालिकाओं से सम्बंधित अपराधों मे संदेहियो/आरोपियों पर लगातार सख्ती के साथ कार्यवाही की जा रही हैं, इसी क्रम मे मामले का संछिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि प्रार्थिया द्वारा पुलिस चौकी कुन्नी थाना लखनपुर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि प्रार्थिया ग्राम बिनिया निवासी कौरू पटेल के यहाँ रहकर काम कर रही थी, कि घटना दिनांक 13/01/24 कों कौरू पटेल प्रार्थिया के साथ जबरन दुष्कर्म करने की नियत से प्रार्थिया के साथ दुष्कर्म की नाकाम कोशिश किया किया, आरोपी द्वारा प्रार्थिया कों घटना की जानकारी किसी अन्य को देने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी जिस कारण प्रार्थिया उक्त अपराध की सूचना नही दी थी, बाद मे उक्त घटना की जानकारी परिवार के लोगो कों बताने पर अन्य पारिवारिक सदस्यों के साथ घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने आई हैं, प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस चौकी कुन्नी थाना लखनपुर मे अपराध क्रमांक 89/24 धारा 354, 354 (क), 376, 506, 511 भा.द.वि. पोक्सो एक्ट की धारा, एवं 3(1)(डब्लू) एस. सी./एस. टी. एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।



दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था, पुलिस टीम के सतत प्रयास से मामले के आरोपी कौरू पटेल की घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया गया, जो आरोपी द्वारा अपना नाम कौरू पटेल उर्फ़ कदरू उम्र 70 वर्ष साकिन बिनिया पुलिस चौकी कुन्नी थाना लखनपुर का होना बताया,आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर अपराध घटित किया जाना स्वीकार किया गया, जो आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया हैं।

सम्पूर्ण कार्यवाही मे चौकी प्रभारी कुन्नी सहायक उप निरीक्षक राजेश्वर महंत, आरक्षक आंनद गुप्ता, महेन्द्र राजवाड़े, गोविन्द टोप्पो, विकाश शामिल रहे।

# सार्वजानिक सेवा के वाहनों को किया जा रहा सूचीबद्ध,वाहनों की पहचान अब होंगी और आसान

» सुरक्षा दृस्टि से ई रिक्शा,ऑटो एवं जीप मे उस वाहन कों प्रदत्त सरल क्रमांक नंबर अंकित कराना होगा अनिवार्य


» वाहन मे सरल क्रमांक नंबर के साथ वाहन चालक का नाम और मोबाइल नंबर बड़े-बड़े अक्षरों मे करवाया जा रहा अंकित

» दीगर राज्य से जिले मे काम करने आए ऑटो चालकों,ई रिक्शा चालकों एवं जीप चालकों से आवश्यक पहचान पत्र लेकर फिंगर प्रिंट किया जा रहा दर्ज

» सरगुजा पुलिस की मुहीम से आमनागरिकों की सुरक्षा कों किया जा रहा और प्रभावी, अप्रिय घटनाओ को रोकने मिलेगी मदद

- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा जारी अभियान ऑपरेशन विश्वास के तहत जिले की सुरक्षा व्यवस्था कों सुदृढ़ बनाये रखने एवं आमनागरिकों कों शहर मे सुरक्षित वातावरण प्रदान करने हेतु लगातार सख्त कार्यवाही जारी हैं, इसी क्रम मे सरगुजा पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर



सार्वजानिक सेवा के वाहनों ई रिक्शा, ऑटो एवं जीप कों सुरक्षा दृस्टि से सुचिबद्ध किया जा रहा हैं, अभियान के तहत जिले मे संचालित सभी सार्वजानिक सेवा के वाहनों पर सरल क्रमांक नंबर लिखवाये जाने के साथ ही चालक का नाम एवं मोबाइल नंबर बड़े बड़े अक्षरों मे अंकित कराया जा रहा हैं, सार्वजानिक सेवा के वाहनों मे सरल क्रमांक एवं चालक का नाम मोबाइल नंबर अंकित होने से वाहन सवार व्यक्ति अपने वाहन चालक का नाम मोबाइल नंबर एवं उसके वाहन के सरल क्रमांक से अवगत रहेगा जो किसी भी प्रकार की घटना मे आमनागरिकों के साथ साथ उक्त मामले के निराकरण हेतु पुलिस कों भी उपयोगी जानकारी सही समय पर प्राप्त हो सकेगी।

अभियान के तहत सभी सार्वजानिक सेवा के वाहनों कों अपने अपने वाहनों मे उक्त जानकारी लगाना अनिवार्य होगा,इसके साथ ही दीगर राज्य से काम करने आए वाहन चालकों से पहचान पत्र प्राप्त कर एक रजिस्टर संधारण किया जायगा, जिसमे उक्त वाहन चालक का पूर्ण जानकारी गृहग्राम हाल मुकाम फिंगरप्रिंट आदि समस्त जानकारिया शामिल रहेंगी, किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर सम्बंधित वाहन चालकों से पूछताछ करने और मामले के निराकरण करने मे सरगुजा पुलिस कों सहायता प्राप्त होंगी, इसके साथ ही कई प्रकार के अपराधों मे रोक लगाने मे यह अभियान कारगर साबित होगा।

# मनेन्द्रगढ़ एनएच पर स्थित एक प्रसिद्ध होटल में चल रहा था जुआ...पुलिस को दी गई जानकारी फिर भी नहीं पहुंची पुलिस,पुलिस के आने से पहले भागे जुआरी:सूत्र

» 28 अप्रैल का मामला यदि होटल का सीसीटीवी खंगाला जाए तो आ सकती है सच्चाई बाहर

» होटल संचालक है भाजपा समर्थक इस समय उस होटल में भाजपा नेताओं सहित मंत्री, विधायको की होती है बैठक...क्या इस वजह से पुलिस वहां घुसने की हिम्मत नहीं जुटा पाई?

» प्रसिद्ध होटल में भाजपा नेताओं सहित अन्य नेताओं का लगता है जमावड़ा







**- रवि सिंह -**
**मनेन्द्रगढ़,30 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

नवीन जिले एमसीबी के मनेन्द्रगढ़ शहर में 28 अप्रैल रविवार के दिन एनएच 43 पर स्थित एक नामी होटल में जुआ एक कमरे में चल रहा था जिसकी जानकारी वहां पर आए व्यक्ति को लग गई और उसने तत्काल संबंधित पुलिस अधिकारियों को उसकी जानकारी दे दी की होटल में एक कमरे में जुआ हो रहा है, सूत्रों के अनुसार रविवार को एक नामी होटल के रूम नंबर 104 में जुआ चल रहा था, 28 अप्रैल 2024 इसकी प्रथम सूचना शाम को सिटी कोतवाली प्रभारी को शाम 7:36 पर सूचना दी गई जिस पर थाना प्रभारी यह कह कर पल्ला झाड़ लिए की मैं रायपुर आया हूं, दूसरी सूचना एसडीओपी को दी गई जिस पर यह कह कर बच निकले की मैं जनकपुर में हूं, तीसरी सूचना एडिशनल एसपी को दिया गया शाम 7:43 पर उन्होंने कहा 15 से 20 मिनट लगेंगे हम कार्रवाई करेंगे,परंतु उसके बाद 8:09 में जुआरी वहां से निकल भागे ऐसा लगा कि जुआरियों को इसकी जानकारी पुलिस ने दे दी। क्या होटल संचालक इतने प्रभावशाली व्यक्ति थे की पुलिस कार्यवाही करने के बजाय उन्हें यह सूचना दे दी की वहां पर जुआ खेलने वाले भाग गए?

यदि इस पूरे मामले के तथ्यों पर गौर किया जाए तो समझने वाली बात यह है कि पुलिस समाज में अपराध कम करने के लिए है या फिर अपराधियों को संरक्षण देने के लिए? यदि पुलिस को जानकारी मिली थी तो पुलिस को तत्काल जाकर उस होटल में कार्यवाही करनी थी पर पुलिस के पहुंचने से पहले जुआरियों को सूचना मिल जाना और वहां से उनका भाग निकलना पुलिस की संलिप्तता पर सवाल खड़ा करता है, सवाल यह भी है कि आखिर इतने नमी होटल के संचालक क्या अपने होटल में अवैध कारोबार करवा रहे हैं? आखिर किस स्तर पर यह कारोबार हो रहा था? सूत्रों का यह भी कहना है कि होटल संचालक भाजपा समर्थित है इनका भाजपा में काफी बोलबाला रहता है वैसे सरकार किसी की भी रहे इनके होटल में कार्यवाही करना किसी के लिए भी मुमकिन नहीं है इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह कितने प्रभावशील व्यक्ति हैं? इस होटल का नाम पूरे संभाग में लिया जाता है पर ऐसे होटल में ऐसे अवैध कारोबार का होना भी कहीं ना कहीं होटल की छवि पर सवालिया निशान है, होटल संचालक कांग्रेस की सरकार में भी कारोबार करते रहे पर कोई कार्यवाही करने की जुर्रत नहीं उठाया और एक बार एकदम सटीक जानकारी होने के बाद भी पुलिस के पास मौका था कार्यवाही करने का पर पुलिस यहां पर भी चूक गई, ऐसा लगा कि पुलिस की जानकारी में ही यहां पर ऐसा हो रहा था? यदि कोई ईमानदार पुलिस वाला होता तो कार्यवाही जरूर करता, यदि इस मामले से अनभिज्ञ होता तो अलग बात है, पर ऐसा लगा नहीं की पुलिस मामले से अनभिज्ञ थी जबकि ऐसा लगा कि पुलिस जुआरियों को भगाने के लिए होटल संचालक को सूचना दी और संचालक पुलिस के पहुंचने से पहले जुआरियों को वहां से भगा दिए और पुलिस वहां पर गई भी तो गेट के पास सायरन बजाते हुए वापस लौट गई।

### नामी होटल का सीसीटीवी फुटेज खांखला जाए तो खुल जाएंगे जुआरियों के राज

एमसीबी जिले के जिला मुख्यालय का नामी होटल है जहां जुआ खेला जा रहा था। नामी होटल में जगह जगह सीसीटीवी भी लगे हुए हैं। अब यदि 28 अप्रैल की सीसीटीवी फुटेज खंगाली जाए तो जुआरियों का राज खुल जायेगा। सूत्रों की माने तो जुआ बड़े स्तर पर खेला जा रहा था और जीत हार का दांव बड़े पैमाने पर लगाया जा रहा था इसलिए मामले में सीसीटीवी की जांच होनी चाहिए यदि मामले में कोई दोषी नहीं है या पुलिस ने तत्परता दिखाई या फिर वहां जुआ नहीं चल रहा था।

### नामी होटल में भाजपा नेताओं मंत्रियों का लगा रहता है आना-जाना

शहर का यह वही नामी होटल है जहां भाजपा के बड़े नेताओं का आना जाना लगा रहता है। इस होटल में ही मंत्री विधायक और बड़े भाजपा नेता आते जाते रहते हैं। यह होटल एक तरह से भाजपा नेताओं के लिए महत्वपूर्ण स्थान है जहां वह बैठकर पार्टी गतिविधियों का संचालन करते हैं। अब ऐसे होटल में जुआ फड़ का संचालन बड़ी बात है और यह मंत्री नेताओं के छवि के साथ भी एक तरह का समझौता है क्योंकि यदि उनके रहते हुए ऐसा होता है तो उनकी छवि धूमिल होगी ही।

### क्या बीजेपी नेताओं के उस होटल में आने-जाने की वजह से पुलिस नहीं जुटा पाई कार्यवाही की हिम्मत?

वैसे जब पुलिस को जुआ संचालित होने की पुख्ता खबर मिली इसके बावजूद पुलिस ने होटल पर छापा नहीं मारा...ऐसा क्यों हुआ यह बड़ी बात है...वैसे क्या पुलिस इसलिए छापा नहीं मारने पहुंची क्योंकि मामला ऐसे होटल से जुड़ा हुआ था जहां भाजपा नेताओं का आना-जाना लगा रहता है। होटल वैसे भी भाजपा से ताल्लुक रखने वाले भाजपा नेता का है और वहां भाजपा के नेता मंत्री विधायक अक्सर आते रहते हैं।

### होटल से पुलिस थाने की दूरी एक किलोमीटर से भी कम,फिर भी पुलिस नहीं पहुंच सकी समय पर

होटल से पुलिस थाने की दूरी एक किलोमीटर के भी कम है। पुलिस को सूचना समय पर मिली।सूचना देने वाले ने कई पुलिस अधिकारियों को सूचना दी और सभी से यह भी कहा की वह वहां उपस्थित है और उसने जुआ होने की पुष्टि की लेकिन एक किलोमीटर से भी कम की दूरी भी पुलिस तय समय पर नहीं कर सकी और जुआरियों को भागने का मौका प्रदान कर दिया। जुआरियों के भागने के बाद पुलिस सायरन बजाते पहुंची और बाहर से ही लौट गई जैसा बताया जा रहा है।

### एसडीओ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित निरीक्षक को सूचना दी गई,तीनो में से कोई नहीं पहुंच सका समय पर

सूचना देने वाले ने पुलिस अधिकारियों में से निरीक्षक, एसडीओ अतरिक्त पुलिस अधीक्षक सभी को फोन से सूचना दी लेकिन सभी ने अलग अलग बहाना बनाया और जुआ फड़ पर पहुंचने में सभी ने विलंब किया। जुआ फड़ के नाम पर जहां यह भी देखा जाता है की आम मामलो में एक दो आरक्षक भी कार्यवाही करने पहुंच जाते हैं वहीं इस मामले में यह देखा गया की सूचना के बाद भी पुलिस ने पहुंचने में विलंब किया।

# पूर्व मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम के वाहन पर फेंका गया पत्थर




**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,30 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

जरही के बंशीपुर ग्राम पंचायत में कांग्रेस पूर्व मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम के वाहन पर अज्ञात लोगों द्वारा पत्थर फेंका गया जिससे पूर्व मंत्री के गाड़ी के सामने का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम लोक सभा चुनाव प्रचार के पश्चात बंशीपुर गांव में भोजन पर गए हुए थे जहां से वापस होते हुए बंशीपुर ग्राम पंचायत में उनके इनोवा वाहन पर पत्थर फेंका गया जिससे सामने का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया है। इस घटना की सूचना पूर्व मंत्री के पीएसओ के द्वारा थाने में लिखित रूप से दी गई है जिसमें उन्होंने बताया कि पूर्व मंत्री के साथ जब वह इनोवा वहां से रात्रि के समय भोजन करके वापस जा रहे थे तो बंशीपुर गांव में इनोवा वाहन पर पत्थर फेंका गया जिससे सामने का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया है। इस घटना के बाद प्रतापपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कुमार सिंह देव ने आरोप लगाया है कि इस प्रकार की घटना आचार संहिता के समय होना निंदनीय है जबकि चारों तरफ आदर्श आचार संहिता का पालन किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर प्रचार में गए पूर्व मंत्री की गाड़ी पर पत्थर फेंका जा रहा है। उन्होने कहा कि इस घटना की जांच होनी चाहिए कि पत्थर किनके द्वारा और किस उद्देश्य से फेंका गया। वही इस घटना के बाद क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में रोस व्याप्त है घटना की सूचना के पश्चात भटगांव थाना द्वारा आवेदन पर जांच प्रारंभ कर दी गई है वहीं थाना प्रभारी द्वारा जानकारी दी गई कि इस विषय पर जांच की जा रही है और जांच उपरांत उचित वैधानिक कार्यवाही भी की जाएगी।

# चुनाव कराने केंद्रीय सुरक्षा बलों का आगमन पर सरगुजा पुलिस ने पुष्प गुच्छ भेट कर किया स्वागत

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,30 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

लोकसभा चुनाव का तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होना है। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयारी की जा रही है। वहीं जिले में शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए अतिरिक्त बल की मांग की गई थी। चुनाव से पूर्व केंद्रीय रिजर्व बल, स्टेट आर्म्ड फोर्स आसाम पुलिस, छत्तीसगढ़ आर्म्ड फ़ोर्स की कुल 9 कम्पनी जिले में पहुंच चुकी है। जिले में पुलिस बल को पहुंचने पर सरगुजा पुलिस द्वारा पुष्प गुच्छ देकर जवानों को सम्मानित किया गया।

एसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि सोमवार की देर रात तक सीआरपीएफ बटालियन की 6 कम्पनी, स्टेट आर्म्ड फोर्स आसाम पुलिस की 2 कम्पनी एवं स्थानीय छत्तीसगढ़ आर्म्ड फ़ोर्स की 1 कम्पनी जिले में पहुंच चुकी है। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं थाना-चौकी प्रभारियों द्वारा केंद्रीय सुरक्षा बलों का पुष्प गुच्छ के साथ स्वागत किया गया। साथ ही केंद्रीय बलों के ठहरने हेतु जिले में उचित व्यवस्था की गई है। सम्बंधित थाना, चौकी प्रभारियों कों केंद्रीय बलों से लगातार सम्पर्क बनाये रखने के निर्देश दिए गए हैं। आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान मे केंद्रीय बलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगी। संवेदनशील मतदान केन्द्रों में केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान लगातार एरिया डोमिनेशन कर सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखेंगे।



# खरीदने के बहाने आईफोन लूटने वाले आरोपी को पुलिस ने मणिपुर से किया गिरफ्तार,पुलिसकर्मी हुए सम्मानित

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,30 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

ओएलएक्स पर विज्ञापन देखकर खरीदने के बहाने मोबाइल आईफोन लूटने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार देव गुप्ता ने कुछ दिन पूर्व अपना मोबाइल आईफोन 15 बिक्री के लिए ओएलएक्स पर विज्ञापन डाला था। विज्ञान देखकर एक अज्ञात व्यक्ति उक्त मोबाइल को खरीने के लिए देव गुप्ता से बात की। वह खरीदने से पहले अपने पिता को दिखाने की बात कहकर देव से मोबाइल मांगकर ले गया इसके बाद वह फरार हो गया था। देव गुप्ता ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी भीम राय उम्र 29 वर्ष निवासी सपही थाना ब्रम्हपुर जिला बक्सर बिहार निवासी को मणीपुर इम्फाल से गिरफ्तार किया है। आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद मणिपुर भाग गया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से प्रार्थी का आईफोन सहित 10 नग आईफोन, एक नग डीएसएलआर कैमरा व 40 हजार रुपए नकदी जब्त किया है। आरोपी उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, झारखण्ड, बिहार, छत्तीसगढ़ में घटना करना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



इस कार्रवाई में शामिल पुलिसकर्मियों को एसपी द्वारा सम्मानित किया गया है। मामले में पुलिस कर्मियों ने आरोपी की गिरफ्तारी के साथ-साथ 12 लाख का मशरूका जब्त किया गया है। इस सराहनिय कार्य के लिए एसपी ने पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। एसपी द्वारा उप निरीक्षक शिशिरकान्त सिंह, उप निरीक्षक अश्वनी दीवान, सहायक उप निरीक्षक अभिषेक पाण्डेय, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, आरक्षक मंटु गुप्ता, अनुज जायसवाल, सुशांत यादव कों प्रशस्त्री पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया।

## महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रैली के जरिए मतदान के लिए किया प्रेरित

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,30 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर के छात्र-छात्राओं ने ग्राम पंचायत अजीरमा में लोकसभा निर्वाचन के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े छात्र-छात्राओं ने संस्था के प्राचार्य डॉ रिजवान उल्ला के मार्गदर्शन में पंचायत भवन के पास नारा लेखन का कार्य करते हुए लोगों को शतप्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई एवं चौक-चौराहों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।



इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी राजीव कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी महिला इकाई प्रोफेसर शशि कला सनमानी सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने रैली एवं नुक्कड़ नाटक के पश्चात मतदान दिवस 7 मई को मतदान अवश्य करने का संकल्प लिया।

CMYK







# भू-माफिया का दबदबा बरकार,अवैध मकान निर्माण कर अनावेदक ने स्थगन आदेश का किया उल्लंघन

## शिकायत हुई कलेक्टर से...क्या होगी कार्यवाही ?

**- रवि सिंह -**
**एमसीबी/केल्हारी,30 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

शिकायतकर्ता ने दिया एमसीबी केल्हारी तहसील क्षेत्र में शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण की शिकायत संबंधित अधिकारी को दिया जा चुका है, कार्यवाही नहीं होने पर संबंधित अधिकारी की कार्यशैली पर उठ रहे हैं सवाल... क्योंकि ऐसा इसलिए कहना पड़ रहे हैं क्यों की स्थानीय अधिकारी नहीं ले रहे हैं संज्ञान, आवदेक ने कलेक्टर एमसीबी कार्यालय में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग।

शिकायतकर्ता शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करना अब केल्हारी तहसील अन्तर्गत ग्रामों में आम बात हो गई है,पूरा मामला केल्हारी तहसील अन्तर्गत ग्राम केल्हारी का है जहां मो. आसिफ के द्वारा स्टे आर्डर का उल्लघंन करने पर कलेक्टर से कार्यवाही की मांग की गई है।आपको बता दें ग्राम केल्हारी स्थित खसरा नंबर 246 जोकि शासकीय स्टेट भण्डार मद की जमीन है ओर मो. आसिफ ने अवैध अतिक्रमण कर शासकीय भूमि पर मकान निर्माण कार्य करवाया रहा है। जहां तहसीलदार केल्हारी के स्टे? आर्डर के बाद भी नियम कानून की धज्जियां उड़ाते हुए मकान निर्माण कार्य हो रहा है। शिकायतकर्ता ने आवेदन में बताया कि केल्हारी तहसीलदार ने दिनांक 09.04.2024 को स्थगन आदेश पारित कर मकान निर्माण कार्य बंद करवा दिया था लेकिन मो. आसिफ के द्वारा स्थगन आदेश का उल्लघंन कर लगातार मकान निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। जिस पर शिकायतकर्ता ने एमसीबी कलेक्टर कार्यालय में आवेदन देकर अवैध अतिक्रमण मुक्त करवाने एवं मकान निर्माण कार्य बंद करवा कर कार्यवाही की मांग की है।


न्यायालय तहसीलदार केल्हारी जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)

//स्थगन आदेश//





### जिम्मेदार अफसर बने गैरजिम्मेदार ?

शिकायतकर्ता ने आवेदन में बताया कि स्टे आर्डर उल्लघंन की जानकारी उन्होंने राजस्व निरीक्षक केल्हारी एवं थाना प्रभारी केल्हारी से फोन के माध्यम से अवगत कराया था। इसके वावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई कार्यवाही नहीं की। अब सवाल यह उठता है कि स्टे आर्डर उल्लघंन ना हो इसकी जिम्मेदारी जिन संबंधित अधिकारियों की होती है वें ही गैरजिम्मेदार दिखाई दे रहे हैं। जानकारी देने के बाद भी वे मौके पर नहीं जाते है ना ही कोई कार्यवाही करते हैं। कार्यवाही नहीं होने पर शिकायतकर्ता ने अब कलेक्टर एमसीबी में आवेदन पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

# बोर्ड परीक्षा परिणाम से बच्चों में उत्पन्न तनाव को दूर करने के लिए एडवाईजरी जारी...

**- सवाददाता -**
**कोरबा,30 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**



आगामी सप्ताह कक्षा दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए जाएंगे। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पूर्व तनाव एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, किंतु कई बच्चे बेहतर परीक्षा परिणाम नहीं आने के कारण तनाव के कारण अवसाद ग्रस्त हो जाते हैं। यह समय बच्चों और उनके पालकों के लिए अत्यंत संवेदनशील होता है।

कलेक्टर अजीत वसंत ने जिला शिक्षा अधिकारी टी पी उपाध्याय को परीक्षा परिणाम को लेकर विद्यार्थियों में होने वाले तनाव को दूर करने हेतु विस्तृत कार्य योजना बनाकर कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक लेकर विद्यार्थियों को तनाव से दूर करने हेतु एक अच्छा माहौल बनाने का निर्देश दिया। जिसमें शिक्षा विभाग के अधिकारी, प्राचार्य और सभी शिक्षक सम्मिलित होंगे। साथ ही विद्यार्थियों की काउंसलिंग कराने की बात कही। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया की परीक्षा का तनाव अपनी जगह है परंतु तनाव के कारण हमारे जिले में एक भी बच्चा अप्रिय कदम ना उठाएं, इसके लिए सबको मिलकर प्रयास करना होगा। इसके लिए अधिकारी गण, प्राचार्य शिक्षक गण और पालक सभी अपनी-अपनी भूमिका को समझें और बच्चे को अवसाद से बाहर करते हुए उन्हें बताएं की बोर्ड परीक्षा अंतिम परीक्षा नहीं है। बच्चों के सामने समाज के कुछ अच्छे उदाहरण रख कर उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित किया जा सकता है। कलेक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंस/ गूगल मीट/सोशल मीडिया के माध्यम से जिले के वरिष्ठ अधिकारी,प्रमुख शिक्षाविद,मनो वैज्ञानिक और मनोचिकित्सको से बच्चों का सीधे वर्चुअली संवाद कराने की बात कही। जिससे बच्चों का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया जा सके। वर्चुअली कार्यक्रम से जुड़ने का दिन समय व लिंक के संबंध में बच्चों को पूर्व सूचित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि वर्चुअली कार्यक्रम में सभी बच्चों एवं उनके पालकों को अनिवार्य रुप से जोड़ने हेतु प्रेरित करें।

कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि बच्चों को तनावमुक्त करने हेतु पालकों से संपर्क कर घर पर अच्छा माहौल बनाया जाए। साथ ही सभी पालक अपने बच्चों को रिजल्ट से नही घबराने के लिए प्रोत्साहित करें। किसी भी बच्चे अथवा उसके पालक को कोई भी समस्या है तो वह तत्काल मनोवैज्ञानिकों से और जिला प्रशासन के अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

गौरतलब है कि बच्चों के तनावग्रस्त होने के प्रमुख कारणों के संबंध में बच्चों का खुद की महत्वाकांक्षा (एक्सपेक्टेशन),साथियों से तुलना, शिक्षकों द्वारा कक्षा में विद्यार्थियों पर डाले गए दबाव एवं पालको और पड़ोसियों का प्रेशर बच्चों को ज्यादा तनावग्रस्त करता है। इसके लिए ब्लॉक और स्कूल के सभी अधिकारी कर्मचारी एक-एक बच्चों तक पहुंचे और यदि बच्चों में तनाव के कोई भी लक्षण है तो उन्हें दूर करने का प्रयास करें।

# बस अब से कुछ ही दिन इंतजार के बाद होगा लोकसभा चुनाव के लिये मतदान




**- संवाददाता -**
**कुसमी,30 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीति दल अपना अपना प्रयास कर रहे हैं की जनता उन्हें वोट दे तरह-तरह के वादे भी राजनीति दल कर रहे है और अब तो धीरे-धीरे मतदान करने का दिन भी निकट आ रहा है, इस बार के लोकसभा चुनाव में सामरी विधानसभा में कितने मतदान केंद्र बने और कितने मतदाता है यह जान लीजिए,गौरतलब है कि अब से कुछ माह पहले ही विधानसभा चुनाव सम्पन्न हुआ है,विधानसभा चुनाव के दौरान सामरी विधानसभा से करीब 218265 मतदाता सामरी विधानसभा में थे जो लोकसभा चुनाव के लिय मतदाताओं की संख्या करीब 220541 हो गई है ,करीब 2276 मतदाता बढ़े है इस बार के चुनाव में,तो वही करीब 265 मतदान केंद्र बनाया गया है सामरी विधानसभा में,सरगुजा संसदीय सीट के लिय सामरी विधानसभा में 7 मई के दिन मतदान होना तय किया गया है,लोकसभा चुनाव में मतदाता अधिक से अधिक संख्या में अपने मत का प्रयोग करें इसे लेकर प्रशासन द्वारा जागरूक भी मतदाताओं को किया जा रहा है, वही मतदान के समय कुछ मतदाताओं को मतदान करने में दिक्कत उठानी पड़ती है क्योंकि वह लाइन में ज्यादा देर तक खड़े नहीं हो सकते ऐसे मतदाताओ में ,किसी तरह की रोग से ग्रस्त मतदाता, छोटे बच्चो की माताएं,व्रत रखने वाले मतदाता शामिल है ,जिन्हे प्रशासन को सुविधा देनी चाहिए,जैसे ही ऐसे मतदाता मतदान केंद्र में पहुंचे तो उन्हे जल्द से जल्द मतदान करने की सुविधा देनी चाहिए ,हालाकि प्रशासन के द्वारा ज्यादा बुजुर्ग मतदाताओं को घर बैठे हि मतदान करने की सुविधा दी जाने लगी है जिससे की बुजुर्ग मतदाता भी अब अपना मतदान आसानी से कर सकते है,लेकिन आज के समय में कई लोग तरह तरह की बीमारी से ग्रसित है जिन्हे सुविधा मिले तो ऐसे मतदाता मतदान करने में रुचि लेंगे,जिससे की मतदान का प्रतिशत बढ़े,वही मतदान के समय में इस तरह की समस्या सामने आती हैं,लेकिन आपको यह भी बता दे की जिन मतदान केंद्रों में समझदार अधिकारी कर्मचारी की ड्यूटी लगी होती वे ऐसे मतदाताओं की समस्या को समझते है और उन्हें जल्द मतदान करने में सहायता करते भी हैं,बहरहाल सामरी विधानसभा के मतदाताओं से भी आशा करते हैं की मतदाता मतदान के दिन अपने बहुमूल्य मत का प्रयोग करने मतदान केंद्रों तक पहुंचे और अपने देश की सरकार , सांसद चुनने में अपना बहुमूल्य मत देकर अपना विशेष योगदान दे।

# अपहरण कर ले जाते समय चलती पिकअप से कूद गई 8 वीं की छात्रा, बोली...वाहन में और थीं 5 लड़कियां




**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,30 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

शहर के नमनाकला में स्थित शनि मंदिर के समीप कथित रूप से अपहरण कर ले जाई जा रही 8 वीं कक्षा की छात्रा चलते पिकअप वाहन से कूद गई। बालिका का कहना है कि पिकअप में 5 और लड़कियां थीं। पुलिस ने बालिका को बरामद कर बालिका गृह में रखवाया है। अब बालिका की पूर्ण काउंसिलिंग के बाद ही मामले का पर्दाफाश हो पाएगा। अभी तक जिस प्रकार की बातें सामने आई हैं उससे मामला पूरी तरह से संदिग्ध प्रतीत हो रहा है।

सोमवार की रात करीब 10 बजे लगभग 12-13 वर्ष की एक बालिका अर्द्धमूर्छित अवस्था में कथित रूप से पिकअप से कूद गई थी। मौके पर पहुंची गांधीनगर पुलिस ने जब बालिका को अपने कब्जे में लिया तो वह नशे में प्रतीत हो रही थी।

पूछताछ करने की स्थिति नहीं होने के कारण पुलिस उसे सुरक्षा की दृष्टि से दर्रीपारा स्थित बालिका गृह के सुपुर्द कर दिया गया था। मंगलवार को बालिका की काउंसिलिंग कर उससे नाम, पता हासिल करने की कोशिश की गई, लेकिन दोपहर बाद तक वह कुछ भी नहीं बता पाई।

### बालिका का कहना...कि... पिकअप में थी 5 लड़कियां

बालिका का कहना है कि पिकअप में 5 लड़कियां थीं, जिन्हें नशे का इंजेक्शन लगाया गया था। इसके बाद वह बेहोशी की हालत में पहुंच गई थी। क्षणिक होश आने पर वह पिकअप वाहन से कूद गई। बालिका द्वारा कुछ नकाबपोश लडक़ों के होने की बात भी कही जा रही है।

देर शाम तक काउंसिलिंग के दौरान पूछताछ में वह अपना नाम, पिता का नाम, पता नहीं बताई है। लेकिन सूरजपुर जिले के एक स्कूल में कक्षा 8 वीं की छात्रा होना बता रही है। बालिका द्वारा कुछ बातों को छिपाने का अंदेशा बना हुआ है।

### वास्तविक तथ्य लाने की कोशिश

काउंसिलिंग टीम इस कोशिश में लगी हुई है कि बालिका की स्थिति सामान्य होने के बाद वास्तविक तथ्य सामने आए। कथित रूप से पिकअप से बालिका के कूदने के समय मौके पर लोगों की भीड़ लग गई थी।

पुलिस सामने आए तथ्यों के आधार पर संदिग्ध पिकअप की जानकारी हासिल करने सीसीटीवी के सभी संभावित स्थलों पर पड़ताल कर रही है। हैरत की बात यह भी है कि पिकअप से कूदी बालिका के शरीर में कहीं चोट के निशान नहीं मिले हैं।

### अभी तक स्थिति स्पष्ट नहीं

देर रात मिली बालिका को बालिका गृह में रखा गया है। काउंसिलिंग के बाद ही वास्तविकता सामने आ पाएगी। अभी तक कुछ भी स्पष्ट नहीं है।

**अमोलक सिंह ढिल्लो,**
**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक**
**सरगुजा**

# एनटीपीसी कोरबा के बाल भवन ने 28 अप्रैल 2024 को अपना वार्षिक दिवस समारोह धूमधाम से मनाया

**- संवाददाता -**
**कोरबा,30 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**



एनटीपीसी कोरबा के बाल भवन ने 28 अप्रैल 2024 को अपना वार्षिक दिवस समारोह धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरित माहेश्वरी,परियोजना प्रमुख,एनटीपीसी कोरबा और श्रीमती राखी माहेश्वरी,अध्यक्ष,मैत्री महिला समिति ने गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। बाल भवन की प्रभारी श्रीमती मीता भट्टाचार्य ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया और बाल भवन, एनटीपीसी कोरबा के 33 वें वार्षिक दिवस समारोह में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

बाल भवन की महासचिव श्रीमती सरिता सिंह ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। वार्षिक दिवस पर बाल भवन के बच्चों द्वारा रंग-बिरंगे परिधानों,नाटक,मधुर संगीत और जीवंत नृत्यों की धूम रही।

धरोहर में गणेश वंदना,कार्टून नृत्य और कथक जैसी कई नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में बच्चों की बड़ी भागीदारी के साथ कुछ आकर्षक आंतरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी देखने को मिलीं, जिसने शाम को बेहद खास और मनोरंजक बना दिया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राम कथा रही, जिसमें युवा कलाकारों ने विभिन्न पात्रों का चित्रण किया तथा भगवान राम के जन्म से लेकर रावण वध के पश्चात अयोध्या लौटने तक की कथा प्रस्तुत की। राम कथा के संपूर्ण प्रदर्शन में व्यक्ति के कर्तव्यों, अधिकारों तथा सामाजिक उत्तरदायित्वों पर प्रतीकात्मक रूप से चर्चा की गई। इसमें आदर्श पात्रों के माध्यम से धर्म तथा धार्मिक जीवन को दर्शाया गया। धरोहर ने एक अद्भुत समृद्ध तथा अत्यंत आकर्षक प्रदर्शन पर जोर दिया। न केवल दर्शकों का मनोरंजन किया गया, बल्कि हमें भारतीय नृत्य के माध्यम से व्यक्त की गई राम कथा के प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व के बारे में भी शिक्षित किया गया।

मैत्री महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती राखी माहेश्वरी ने भव्य कार्यक्रम के आयोजन में योगदान के लिए सदस्यों के प्रति आभार तथा धन्यवाद व्यक्त किया।

सरित माहेश्वरी, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी कोरबा ने अभिनंदन भाषण में बाल भवन विंग को वार्षिक दिवस पर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी तथा आने वाले दिनों के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर अर्नब मैत्रा, जीएम (ओएंडएम),एस.पी. सिंह,जीएम (एफएम), सोमनाथ भट्टाचार्य, जीएम (मेंटेनेंस), एम.वी. साठे, जीएम (एडीएम) और शशि शेखर,एजीएम (एचआर) उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान एनटीपीसी कोरबा के सभी वरिष्ठ और महिला क्लब के सदस्य, परिवार और कर्मचारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। बाल भवन विंग का वार्षिक दिवस समारोह एक शानदार सफलता थी और मेहमानों और शुभचिंतकों द्वारा इसकी बहुत सराहना की गई।

# भारतीय टी 20 वर्ल्ड कप 2024 टीम का ऐलान



## » हार्दिक पंड्या उपकप्तान, केएल राहुल बाहर


नई दिल्ली,30 अप्रैल 2024। टी20 वर्ल्ड कप के लिए बीसीसीआई ने भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। जहां रोहित शर्मा को टीम की कमान सौंपी गई है जबकि हार्दिक पंड्या को उपकप्तान नियुक्त किया गया है। साथ ही टीम में बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और संजू सैमसन को शामिल किया गया है। जबकि केएल राहुल को मौका नहीं मिला है। वहीं, रिंकू सिंह, शुबमन गिल, खलिल अहमद और आवेश खान को रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर रखा गया है। टीम में शिवम दुबे को भी मौका मिला है।दरअसल, टीम के ऐलान से पहले अहमदाबाद के आईटीसी नर्मदा होटल में सेलेक्टर्स की बैठक हुई। इसमें चीफ सेलेक्टर अजित अगरकर और बीसीसीआई सचिव जय शाह भी मौजूद थे। बैठक के बाद टीम इंडिया का ऐलान किया गया।

### टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय स्क्वायॅड इस प्रकार हैः-

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

इससे पहले न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड ने भी अपने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। कीवी टीम की कमान केन विलियमसन, साउथ अफ्रीका टीम की कप्तानी एडेन मारक्रम और इंग्लैंड की कमान जोस बटलर को सौंपी गई है।



### इंग्लैंड ने टी 20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए की टीम की घोषणा जोफ्रा आर्चर की टीम में वापसी

टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए टीमों का ऐलान जारी है। न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका के बाद अब इंग्लैंड ने भी अपने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। जिसकी कमान जोस बटलर के हाथों में होगी। वहीं जून में होने वाले इस मेगा इवेंट के लिए इंग्लैंड टीम में जोफ्रा आर्चर की वापसी हुई है। जबकि क्रिस वोक्स की जगह क्रिस जॉर्डन को टीम में शामिल किया गया है।

जोफ्रा आर्चर दाहिनी कोहनी की चोट से उबर गए हैं। उन्हें टीम में शामिल किया गया है। टी20 फॉर्मेट में आर्चर ने आखिरी मैच बांग्लादेश के खिलाफ एक साल पहले खेला था। जबकि टीम में एकमात्र अनकैप्ड खिलाड़ी टॉम हार्टले को भी मौका मिला है। वहीं विल जैक्स के साथ, वे एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्होंने पहले किसी आईसीसी वर्ल्ड टूर्नामेंट में भाग नहीं लिया है।

वहीं टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए 8 चयनित खिलाड़ी आईपीएल खेल रहे हैं। जिन्हें पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज के लिए समय पर लौटने की सलाह दी गई है। बता दें कि, 22 मई 2024 को ये सीरीज हेडिंग्ले में शुरू होगी।

### इंग्लैंड की टी 20 वर्ल्ड कप 2024 की टीम

जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, जोफ्रा आर्चर, जोनाथन बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, सैम करन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, फिल सॉल्ट, रीस टॉपले, मार्क वुड।

### टी 20 वर्ल्ड कप 2024 साउथ अफ्रीका ने किया टीम का ऐलान

### एडेन मार्करम को मिली कमान

टी20 वर्ल्ड कप के लिए साउथ अफ्रीका की टीम का ऐलान हो गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने टीम का ऐलान किया था। वहीं साउथ अफ्रीका टीम की कमान एडेन मार्करम के हाथों में सौंपी गई है। साथ ही दो अनकैप्ड प्लेयर्स को भी टीम में जगह दी गई है। वहीं, नांद्रे बर्गर और लुंगी एनगिडी जैसे गेंदबाज को ट्रेवलिंग रिजर्व के तौर पर टीम में शामिल किया गया है।

साउथ अफ्रीका की व्हाइट बॉल टीम के हेड कोच रॉब वॉल्टर ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है। ये मेगा इवेंट एक जून से और 29 जून तक यूएसए और वेस्टइंडीज में खेला जाएगा। ऐडन मार्करम पहली बार आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप में टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। हालांकि, उनको काफी समय पहले टीम का कप्तान घोषित कर दिया गया था। इसके अलावा टीम में दो अनकैप्ड प्लेयर्स को भी टीम में शामिल किया है, जिनमें बल्लेबाज रयान रिकेलटन और तेज गेंदबाज ओटनील बार्टमैन शामिल हैं। वहीं, रिजर्व प्लेयर्स की लिस्ट में नांद्रे बर्गर और लुंगी एनगिडी का नाम शामिल है।

### टी 20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इस प्रकार है...

एडेन मार्करम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, जेराल्ड कोएत्जी, क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजी हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नॉर्टजे, कैगिसो रबाडा, रयान रिकेलटन, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स।



# पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मैच आज

## पंजाब किंग्स के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स की नजरें खेल के हर विभाग में बेहतर प्रदर्शन पर

नई दिल्ली,30 अप्रैल 2024। बुधवार को चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स कमाल दिखाना चाहेगी। दरअसल, प्रदर्शन में निरंतरता की कमी से जूझ रही चेन्नई सुपर किंग्स की नजरें खेल के सभी विभागों में एकजुट प्रदर्शन करने पर टिकी होंगी।

सीएसके के 9 मैच में 10 अंक हैं जो लखनऊ सुपर जाइंट्स, सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के समान ही हैं। गत चैंपियन टीम निश्चित रूप से जीत के साथ इन टीमों से आगे निकलने की कोशिश करेगी। गत चैंपियन सुपर किंग्स की चिंता हालांकि बढ़ गई है क्योंकि पंजाब किंग्स की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 262 रन के टी20 क्रिकेट इतिहास के सबसे बड़े लक्ष्य को हासिल करने के बाद इस मुकाबले में उतर रही है।

पंजाब किंग्स के नौ मैच में छह अंक हैं। चेपक हालांकि सुपरकिंग्स का गढ़ है जहां गेंदबाजों को पिच से मदद मिलती है और मेजबान टीम ने पिछले मैच में सनराइजर्स पर 78 रन की आसान जीत दर्ज की। चेन्नई में उस रात ओस नहीं पड़ी थी और बल्लेबाजों द्वारा 200 से अधिक का स्कोर खड़ा करने के बाद सुपरकिंग्स के गेंदबाजों ने अपनी सटीक और विविधता से भरी गेंदबाजी से सनराइजर्स की मजबूत बल्लेबाजी इकाई को ध्वस्त कर दिया।

चेन्नई को पंजाब के खिलाफ यह प्रदर्शन दोहराना होगा और सभी की निगाहें कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर होंगी जो फॉर्म में वापसी कर चुके हैं। गायकवाड़ ने अपनी पिछली दो पारियों में 108 और 98 रन बनाए हैं और न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल ने भी हैदराबाद के खिलाफ 32 गेंद में 52 रन बनाकर सही समय पर लय हासिल कर ली है।हालांकि सुपरकिंग्स के बल्लेबाजी क्रम में असली तूफान शिवम दुबे हैं जिन्होंने इंपेक्ट प्लेयर के रूप में आते हुए विपक्षी गेंदबाजों को धराशायी किया है। स्पिन के खिलाफ अच्छा खेलने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज दुबे ने मौजूदा सत्र में अब तेज गेंदबाजों के खिलाफ प्रभावी प्रदर्शन करके अपनी बल्लेबाजी में एक और आयाम जोड़ दिया है। दुबे ने अब तक 350 रन बनाए हैं जो गायकवाड़ के 447 रन के बाद सुपरकिंग्स के लिए दूसरे सर्वाधिक रन हैं। उन्होंने ये रन 172.41 के स्ट्राइक रेट से बनाए हैं और इस मामले में टीम में महेंद्र सिंह धोनी (259.45) के बाद दूसरे स्थान पर हैं। लेकिन सुपर किंग्स की सलामी जोड़ी अस्थिर बनी हुई है। गायकवाड़ ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन अब बाहर किए गए रचिन रविंद्र और अजिंक्य रहाणे दोनों अपने कप्तान का साथ नहीं निभा पाए हैं।

सलामी बल्लेबाज के रूप में रहाणे ने पिछली चार पारियों में 05, 36, 01 और 09 रन बनाए जो उनके अनुभव और कौशल के अनुरूप नहीं हैं। हालांकि पूरी संभावना है कि टीम उन्हें और मौके देगी। बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने भी कहा था कि यह 35 वर्षीय बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने के करीब है।

दूसरी ओर पंजाब किंग्स की टीम रिकॉर्ड लक्ष्य हासिल करने के बाद लय को जारी रखते हुए अंक तालिका में मौजूदा आठवें स्थान से आगे बढ़ने को बेताब होगी। इसके लिए टीम को बल्लेबाजों से एक बार फिर से एकजुट प्रदर्शन की उम्मीद है। जिम्मेदारी एक बार फिर नाइट राइडर्स के खिलाफ शतक जड़ने वाले जॉनी बेयरस्टो, शशांक सिंह और प्रभसिमरन सिंह के कंधों पर होगी। टीम हालांकि विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा से अधिक प्रभावशाली प्रदर्शन चाहेगी।

पंजाब किंग्स का गेंदबाजी आक्रमण कागिसो रबादा, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह और सैम कुरेन जैसे अनुभवी गेंदबाजों की मौजूदगी के बावजूद थोड़ा कमजोर दिखता है। मेहमान टीम को अपने स्पिनरों हरप्रीत बरार और राहुल चाहर से भी बेहतर प्रदर्शन की दरकार है क्योंकि इन्होंने इस सत्र में केवल सात विकेट लिए हैं।

# कीर्ति सुरेश के लिए नारंगी और गुलाबी ओम्ब्रे ड्रेस में थिरकने के लिए बनाई गई



ग्रीष्मकालीन शैली इतनी प्रिय होने का एक कारण है और ऐसा इसलिए है क्योंकि यह पूरे वर्ष पहने जाने वाले कपड़ों की किसी अन्य श्रेणी के समान नहीं है। यह अप्राप्य रूप से उज्ज्वल और जोशीला है जबकि गर्मी के महीनों के दौरान कटआउट और छोटी हेमलाइन का स्वागत किया जाता है। भले ही मौसम कितना भी झुलसा देने वाला क्यों न हो, कीर्ति सुरेश ने यह सुनिश्चित किया कि वह गर्मियों के लिए सबसे अच्छे कपड़े पहनें और अंतर्राष्टीय नृत्य दिवस 2024 का जश्न मनाने के लिए बाहर निकलें। इंस्टाग्राम पर अपने नवीनतम पोस्ट में, स्टार को एक शानदार ओम्ब्रे टोन में गर्मियों के लिए तैयार देखा गया था।

चौड़े सिंगल शोल्डर नेकलाइन की शुरुआत पेस्टल नारंगी रंग में हुई, जिससे उसके धड़ की झुकी हुई लंबाई पर गहरा फूशिया रंग आ गया और अंत में आधार पर वापस नारंगी रंग में बदल गया, जिसमें इसके किनारे पर एक ड्रॉस्ट्रिंग स्लिट दिखाई दिया। कीर्ति ने चमकदार हील्स की एक नुकीली जोड़ी के साथ पोशाक पहनी थी और अपने पोकर स्ट्रेट बालों को कंधों तक नीचे रखा था। हो सकता है कि वह हर दिन थिरकती हो लेकिन जब वह गर्मियों की रातों में ऐसा करती है, तो यह विशेष रूप से विशेष होता है।

हाल ही में, अभिनेत्री पांडिचेरी के लिए रवाना हुई और अपनी गर्मियों की अधिकांश रातें पूल के किनारे बिताईं। उसके दोस्तों से घिरा हुआ; बालों वाली ड्रेस सहित, कीर्ति एक हल्की सफेद हॉल्टर ड्रेस में कूल लग रही थीं, जिसे उन्होंने अपनी गर्दन के चारों ओर एक प्रिंटेड स्कार्फ के साथ पहना था और अपने बालों को पोनीटेल में बांधा था।





# ऑपरेशन ट्राइडेंट का ऐलान

## » 1971 के इंडो-पाक वॉर पर रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर बना रहे फिल्म

भारत और पाकिस्तान का मुद्दा हमेशा गरमा-गरम रहता है। लोग इसके बारे में जानना चाहते हैं, देखना चाहते हैं और समझना चाहते हैं। शायद इसी वजह से भारतीय सिनेमा के अलग-अलग जोनर की फिल्में इस मुद्दे पर फिल्म बनती हैं। हिंदी सिनेमा में तो इस मुद्दे पर तमाम फिल्में बनी हैं। अब एक और फिल्म आ रही है जो इसी मुद्दे पर बनी है और फिल्म का नाम ऑपरेशन ट्राइडेंट है। इस फिल्म की कहानी 1971 में हुए इंडो-पाक वॉर पर आधारित होगी। जिसमें इंडियन नवी ने साहसिक हमला किया और उन्हें ऐतिहासिक जीत मिली थी। इस फिल्म की कहानी आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करेगी। दिल्ली के नौसेना भवन से कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। इस प्रोजेक्ट के बारे में एक्सेल मूवीज के इंस्टाग्राम पेज पर बताया गया है। इसमें कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें लिखा है कि एक्सेल और सनशाइन डिजिमीडिया प्रस्तुत करते हैं ओपरेशन ट्राइडेंट इसमें 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान के उस वॉर को दिखाया जाएगा जिसे भारतीय नेवी ने जीता था।सीएनएस एडमिरल आर हरि कुमार, रितेश सिधवानी (प्रोड्यूसर, एक्सेल एंटरटेनमेंट), कासिम जगमगिया और विशाल रामचंदानी (को-प्रोड्यूसर्स, एक्सेल एंटरटेनमेंट), अभिनव शुक्ला (प्रोड्यूसर, सनशाइन डिजीमीडिया) प्रियंका बेलोरकर (को-प्रोड्यूसर, सनशाइन डिजीमीडिया) की मौजूदगी में हुई है। इस फिल्म को लेकर लोग एक्साइटेड हो सकते हैं क्योंकि ऐसे मुद्दों पर बनी फिल्मों को लोग खूब एन्जॉय करते हैं।. फिलहाल फिल्म से जुड़ी दूसरी कोई बात सामने नहीं आई है। फिल्म का नाम फाइनल किया गया है और इसके आगे की जानकारी मेकर्स जरूर देंगे।फरहान अख्तर और रितेश सिद्धवानी ने मिलकर एक्सल मूवीज प्रोडक्शन कंपनी खोली। इस कंपनी ने इससे पहले फुकरे सीरीज,डॉन सीरीज,गली बॉय, जिंदगी ना मिलेगी दोबारा,रईस, तलाश, लक बाय चांस जैसी बेहतरीन फिल्मों को बनाया गया है। फरहान अख्तर बॉलीवुड के पॉपुलर एक्टर, डायरेक्टर, सॉन्ग राइटर, डायलॉग्स राइटर और प्रोड्यूसर हैं।

# साउथ की फिल्मों का अक्षय कुमार है ये एक्टर

## छोटे बजट की फिल्मों से करता है बड़ी कमाई



बॉलीवुड में सलमान खान, आमिर खान और शाहरुख खान जैसे सितारे साल में एक या दो फिल्म करते थे और बॉक्स ऑफिस को मालामाल कर देते थे। और दूसरी तरफ थे अक्षय कुमार जो छोटे बजट की चार पांच फिल्में किया करते थे। और बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई करते थे। साउथ इंडियन फिल्म इंड्स्ट्री में भी ऐसा ही एक सितारा है जो छोटे बजट की फिल्मों का बड़ा बादशाह है। जिसकी फिल्में रिलीज होती हैं और बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई भी करती हैं. उनकी पिछली पांच फिल्मों ने साउथ इंडियन बॉक्स ऑफिस पर करोड़ों की बौछार की है। ये एक्टर हैं रवि तेजा।

रवि तेजा की पिछली पांच फिल्मों का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन देखा जाए तो यह बात साबित हो जाती है कि उनकी दो फिल्में सुपरहिट रहीं जबकि एक फ्लॉप और चौथी का बिजनेस औसत रहा है। वहीं ईगल का बॉक्स ऑफिस सफर अभी जारी है। रवि तेजा और चिरंजीवी की फिल्म वाल्टर वीरैया ने 140 करोड़ रुपये के बजट के साथ बॉक्स ऑफिस पर 225.70 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। धमाका नाम की मूवी ने 110 करोड़ रु. की कमाई की जबकि इसका बजट लगभग 35 करोड़ रुपये बताया जाता है। रावणासुर मूवी बॉक्स ऑफिस पर चमत्कार नहीं कर सकी और 50 करोड़ रुपये की यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 23 करोड़ रुपये का ही कलेक्शन कर सकी। इससे पहले रिलीज हुई टाइगर नागेश्वर राव ने 48 करोड़ रु की कमाई की.। इसका बजट लगभग 35 करोड़ रुपये था। रवि तेजा की मूवी ईगल ने 23 करोड़ रु. की कमाई की है. इसके फाइनल नंबर अभी आने बाकी हैं।

रवि तेजा साउथ के ऐसे एक्टर हैं जो लगातार व्यस्त रहते हैं और फिल्में लेकर आते रहते हैं। उनकी आने वाली फिल्म मिस्टर बच्चन है. इस तरह मास महाराजा के नाम से मशहूर एक्टर को एक नए अंदाज में देखा जा सकेगा।

# सूर्या की कंगुवा को सात देशों में वास्तविक जीवन के स्थानों पर किया गया शूट ?

जब से स्टूडियो ग्रीन और सूर्या शिवकुमार ने अपनी महान कृति कांगुवा का बहुप्रतीक्षित टीज़र जारी किया है, यह आसानी से वर्ष की प्रतीक्षित फिल्मों में से एक बन गई है। निष्पादन, रचनात्मकता, विषय की नवीनता और रोमांचकारी पृष्ठभूमि स्कोर एक रोमांचक अनुभव को जोड़ते हैं। टीज़र ने पूरे देश को रोमांचित कर दिया है। हर कोई प्रतिद्वंद्वी की भूमिका निभाने वाले बॉबी देओल और एक शक्तिशाली योद्धा की भूमिका निभाने वाले सूर्या को एक महाकाव्य लड़ाई में शामिल होते देखने के लिए उत्साहित है। इसके अलावा, आप शायद नहीं जानते होंगे कि फिल्म के निर्माताओं ने इसे कई वास्तविक स्थानों पर शूट किया है।कंगुवा साल की सबसे महत्वाकांक्षी फिल्म है; फिल्म निर्माताओं ने सिनेमाई कला का एक ऐसा काम बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया है जो स्मृति में रहेगा। यह देखते हुए कि फिल्म दो युगों की कहानी बताती है - ऐतिहासिक और समकालीन - फिल्म निर्माताओं ने इसे दुनिया भर के कई वास्तविक स्थलों पर फिल्माया है। फिल्म निर्माताओं ने फिल्म की विशिष्टता और अवधारणा को बनाए रखने के लिए 60 दिनों तक श्रीलंका में युद्ध के दृश्यों सहित फिल्म के एक महत्वपूर्ण हिस्से की शूटिंग की। उन्होंने फिल्म की शूटिंग गोवा, यूरोप और अन्य विदेशी स्थानों पर भी की। 350 करोड़ की लागत वाली फिल्म के रूप में प्रस्तुत, निर्माताओं ने पांडिचेरी और चेन्नई के उपनगरों में कई महत्वपूर्ण दृश्यों की शूटिंग की। सूर्या ने हाल ही में केरल और कोडाइकनाल के जंगलों में एक महत्वपूर्ण दृश्य फिल्माया। कलाकारों और क्रू ने पिछले अक्टूबर में बैंकॉक में तीन सप्ताह का मैराथन शेड्यूल शूट किया।




कंगुवा एक सहस्राब्दी तक फैला है और दो अलग-अलग युगों, प्रागैतिहासिक और आधुनिक की कहानी कहता है। फिल्म निर्माताओं ने यह सुनिश्चित किया है कि इन दो समय-सीमाओं का दायरा और निष्पादन दर्शकों को एक दृश्य दावत प्रदान करे। शिवा द्वारा लिखित और निर्देशित इस फिल्म में सूर्या, बॉबी देओल, जगपति बाबू और दिशा पटानी मुख्य भूमिका में होंगे। फिल्म में संगीत रॉकस्टार देवी श्री प्रसाद ने दिया है और सिनेमैटोग्राफी वेट्री पलानीसामी ने की है। बताया जा रहा है कि यह फिल्म इस साल के अंत तक रिलीज होगी।

## संक्षिप्त खबर

### 4 मई तक बढ़ी महादेव सट्टेबाजी के आरोपियों की एसीबी/ईओब्ल्यू रिमांड




**रायपुर,30 अप्रैल 2024(ए)।** महादेव ऑनलाइन सट्टा एप मामले में गिरफ्तार 5 आरोपियों की रिमांड खत्म होने पर पांचों को एसीबी/ईओब्ल्यू ने पीएमएलए स्पेशल कोर्ट में पेश किया। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद निलंबित पुलिस एएसआई चंद्रभूषण वर्मा, सतीश चंद्राकर, सुनील दम्मानी, रितेश यादव की रिमांड बढ़ाई गई. कोर्ट ने 5 दिन यानी 4 मई तक आरोपियों को एसीबी/ईओब्ल्यू की रिमांड पर सौंपा। वहीं आरोपी राहुल वकटे को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। ईओडब्ल्यू की टीम ने जेल में बंद पुलिस के निलंबित सिपाही भीम सिंह और कारोबारी अमित अग्रवाल को प्रोडेक्शन वारंट पर पुलिस रिमांड लेने का आवेदन लगाया है।

### आईपीएस जीपी सिंह को कैट से मिली राहत



**रायपुर,30 अप्रैल 2024(ए)।** अनिवार्य सेवानिवृत्त किए गए आईपीएस जीपी सिंह को केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) दिल्ली से बहाली मिल गई है। कैट ने चार हफ्तों के अंदर जीपी सिंह से जुड़े सभी मामलों को निराकृत कर बहाल करने का आदेश दिया है।

### हाईकोर्ट को मिला नया रजिस्ट्रार जनरल



**बिलासपुर,30 अप्रैल 2024(ए)।** उच्च न्यायिक सेवा अधिकारी बलराम प्रसाद वर्मा को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का नया रजिस्ट्रार जनरल के रूप में नियुक्त है। पहले वे रजिस्ट्रार (विजिलेंस) के पद पर थे, और अब उन्हें रजिस्ट्रार जनरल का दायित्व सौंपा गया है। इस संबंध में एक और बड़ा बदलाव है, जहां उच्च न्यायिक सेवा के आलोक कुमार को रजिस्ट्रार विजिलेंस का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वे अब रजिस्ट्रार (इंस्पेक्शन, इंक्वारी) के पद पर काम करेंगे।
साथ ही, रजिस्ट्रार जनरल सुधीर कुमार को दुर्ग का जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। इसके बदले में, बिलासपुर में नया जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीता यादव का स्थानांतरण किया गया है।

### आलू के बोरों के बीच में मिला 50 लाख रुपए



**रायपुर,30 अप्रैल 2024(ए)।** रायपुर पुलिस द्वारा आरंग में पुलिस चेक पोस्ट चेकिंग के दौरान पिकअप वाहन से 50 लाख रुपए बरामद हुए हैं। आलू-प्याज की बोरियों के नीचे एक पुट्ठे के काटून में छुपाकर रखे गए 500-500 की नोटों की गड्डियां देखकर राजधानी पुलिस भी चौंक गई थी। पिकअप वाहन ड्राइवर मिला मालिक नहीं।

# मोदी ने सबका विकास नहीं सबका सत्यानाश किया

» कांग्रेस ने मंगलसूत्र नहीं छीनाः मल्लिकार्जुन खड़गे

» जांजगीर की सभा में खरगे ने पीएम मोदी पर जमकर निशाना साधा




**जांजगीर चांपा,30 अप्रैल 2024 (ए)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, कि मोदी झूठों के सरदार हैं। कभी गरीबों की बात नहीं करते। गरीबों की आमदनी नहीं बढ़ती। दो लोगों की आमदनी बढ़ती है। खरगे ने कहा, कि मोदी, कांग्रेस, सोनिया, राहुल, प्रियंका को गाली दे रहे हैं। मुझे भी गाली देते रहते हैं। मोदी हिंदू मुस्लिम करते रहते हैं। मोदी ने मंगलसूत्र को लेकर भी झूठ बोला। मोदी 5 साल और पीएम रहे तो देश को बर्बाद कर देंगे। मोदी बोलते हैं सबका साथ सबका विकास, लेकिन मोदी ने सबका विकास नहीं सबका सत्यानाश किया है। खरगे ने कहा, कि आज हर जगह टैक्स-टैक्स, हर चीज में टैक्स लिया जा रहा है। आज तक किसी भी पीएम ने ऐसा नहीं किया। गरीबों को कुचलने वाला मोदी ही केवल एक ऐसा बहादुर निकला। मोदी है तो मुमकिन है। ईडी, सीबीआई में डाल देते हैं, ये मुमकिन है।जन आशीर्वाद सभा में मल्लिकार्जुन खरगे के साथ सचिन पायलट, दीपक बैज और चरणदास महंत भी साथ में मौजूद रहे। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, कि ÷मैं दूसरी बार जनता का दर्शन करने जांजगीर आया हूं। इस बार कुछ मांगने के लिए आया हूं। आशा है कि आप हमें निराश नहीं करेंगे। ये चुनाव देश को एकता के साथ रखने का चुनाव है। ये चुनाव देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। मोदी जी और उनके चेले बार-बार कहते हैं 400 पार दे दो, लेकिन किसके लिए, गरीबों, दलितों के हक को खत्म करने के लिए।
खरगे ने कहा, कि कांग्रेस ने 55 साल राज किया, लेकिन कभी किसी का मंगलसूत्र नहीं छीना। किसी को ईडी आईटी का डर दिखाकर जेल में नहीं डाला। पहले और दूसरे चरण में कांग्रेस को भारी बहुमत मिलेगा। दो इलेक्शन के बाद बीजेपी के पैर के नीचे से जमीन खिसक गया है। नेहरू, इंदिरा को बकते हैं, जबकि वे उनके मुकाबले कुछ नहीं हैं। मोदी बोलते हैं आपकी संपत्ति ज्यादा बच्चे वालों को दे देंगे। हमेशा गरीबों के बच्चे ज्यादा होते हैं। मेरे भी 5 बच्चे हैं, मैं अपने घर में जरूर अकेला हूं। मुसलमान अपनी जगह पर हैं, इस देश के ही हैं। देश बनाना है सबको साथ लेकर बनाना है, इनके जैसे देश तोड़ना नहीं है। खरगे ने कहा, कि बीजेपी बार-बार बोल रही है संविधान बदल के दिखाएंगे। ऋस्स प्रमुख भागवत ने कहा, हम संविधान नहीं बदलने वाले। रिजर्वेशन खत्म नहीं करने वाले है, ये क्यों कहना पड़ रहा है। आपके एमपी एमएलए, बीजेपी से जुड़े साधु संत वो ये बात कर रहे हैं। देश के पीएम मोदी बार-बार कहते हैं, कौन कहता है संविधान बदल रहे हैं। आपके लोग ही बोल रहे हैं, उनकी बात नहीं सुन रहे तो कम से कम गरीबों की बात सुनो। नौकरी के लिए आज युवा दर-दर भटक रहे हैं। काला धन नहीं आया, 15 -15 लाख नहीं मिला, मोदी झूठ बोलते हैं। नौकरी देने की बात की नहीं की।
राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा, कि देश को तोड़ने वाले लोग हर बुरी बात बोलकर देश को तोड़ते हैं। अब एक होकर पंजे को वोट देना है। पंजा हांथ को मजबूत करता है। कमल का फूल सुबह तोड़ो तो शाम को सूख जाता है। अब ये जनता तय करे सूखने वाला कमल फूल या फिर हाथ को मजबूत करने वाला पंजा। खरगे ने कहा, कि एकजुट होकर लोकतंत्र और संविधान को बचाइए। नहीं बचाएंगे तो किसी लीडर नहीं बल्कि सबसे ज्यादा खतरा जनता को है। जब तक मोदी नहीं भागेंगे, देश की भलाई, गरीबों की भलाई नहीं होगा। इतना ही नहीं, खरगे ने मोदी भगाओ ङ्ख देश बचाओ का नारा भी दिया।

# फोर्स के साथ मुठभेड़ में 10 नक्सली मारे गए

**पहाड़ पर कैंप बनाकर रुके थे माओवादी,बजे टेकमेटा और काकूर गांवों के बीच हुई मुठभेड़ में 10 नक्सली ढेर**



**रायपुर,30 अप्रैल 2024 (ए)।** फोर्स ने घेरा डाला, मुठभेड़ में 10 माओवादी मारे गए, 9 के शव मिले। अबूझमाड़ में छोटेबेटिया के जंगल में मुठभेड़ के बाद 29 माओवादियों के मारे जाने के दस दिन के भीतर फोर्स ने मंगलवार को सुबह 6 बजे इसी इलाके के टेकमेटा और काकूर गांवों के बीच हुई मुठभेड़ में 10 माओवादियों को मार गिराया है। इनमें से 9 के शव मिल गए हैं। मारे गए माओवादियों की संख्या 15 से ऊपर होने की सूचनाएं भी आ रही हैं। 6 पुरुष और 3 महिला माओवादियों के शव मिलने की खबर आ गई है और सभी वर्दीधारी हैं। इनमें एक कमांडर लेवल का माओवादी भी है, जिसकी पहचान कल शव लाने के बाद की जाएगी।
काफी हथियार मिले हैं, जिनमें एक एके-47 भी है, जो माओवादी कमांडरों के पास रहती है। बस्तर आईजी पी सुंदरराज ने मुठभेड़ में अब तक 7 माओवादियों के मारे जाने की पुष्टि करते हुए कहा कि मुठभेड़ और सर्चिंग, दोनों चल रही हैं। मुठभेड़ नारायणपुर जिले में हुई है। शव लेकर फोर्स के बुधवार को सुबह नारायणपुर पहुंचने की संभावना है, जहां पोस्टमार्टम और शिनाख्ती वगैरह की जाएगी। दरअसल फोर्स को 2 दिन पहले सूचना मिली थी कि सोनपुरी से 42 किमी दूर काकूर के जंगल में एक पहाड़ पर माओवादियों ने काफी अरसे से कैंप बना रखा है और आते-जाते रहते हैं।इस आधार पर बस्तर डीआरजी और छत्तीसगढ़ की एसटीएफ को वहां भेजा गया था। लेकिन जब यह सूचना आई कि पहाड़ पर बड़ी संख्या में माओवादी हैं, तब भारी फोर्स भेजी गई। खबर है कि 700 से ज्यादा डीआरजी और एसटीएफ जवान पहाड़ और आसपास के जंगलों में घेरा डाल रखा है। मंगलवार को सूर्योदय होने तक फोर्स ने नक्सलियों को लोकेट कर लिया।जवान जैसे ही माओवादियों के करीब पहुंचे, उधर से गोलियां चलने लगीं। पहले ही तैयार फोर्स ने इसके बाद ताबड़तोड़ फायरिंग की। फोर्स की फायरिंग से माओवादी भाग निकले। फोर्स पीछे लगी हुई है तथा बीच-बीच में फायरिंग की खबरें आ रही हैं।
इधर, जहां मुठभेड़ हुई थी, वहां सर्चिंग में 9 माओवादियों के शव मिल गए हैं। पहाड़ के माओवादी कैंप और नीचे कुछ और नक्सलियों के होने की सूचना है। मुठभेड़ के दौरान ही यह सूचना भी पहुंची है कि लगभग 15 माओवादियों को मारा जा चुका है। सर्चिंग में शव मिल रहे हैं।

# भाजपा पर जमकर बरसे पूर्व मंत्री कवासी लखमा

» सरोज पांडे को लेकर कह दी यह बात



**कोरबा,30 अप्रैल 2024 (ए)।** फोर्सप्रदेश के पूर्व आबकारी मंत्री इन दिनों भाजपा पर काफी हमलावर हो गए है। कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने कोरबा पहुंचे कवासी लखमा ने भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय को बाहरी प्रत्याशी बताते हुए उन्हें दुर्ग और रायपुर से चुनाव लड़ने की नसीहत दी। वहीं भाजपा के नए विधायक रिकेश सिंह के धर्मांतरण करने वालो का गला काट देने के बयान पर उन्होंने कहा कि भाजपा में भी ऐसे कई नेता है,जो धर्मांतरण की बात करते हैं तो क्या पार्टी उनका गला काटेगी।
लोकसभा चुनाव के तहत तीसरे चरण के तहत 7 मई को होने वाले मतदान को लेकर सभी दल के नेता काफी आक्रमक हो गए हैं और अपने अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए पूरी ताकत झोंक दिए है। इसी कड़ी में प्रदेश के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा कोरबा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा पर करारा प्रहार किया। भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि सरोज पांडेय बाहरी नेता है,लिहाजा उन्हें दुर्ग और रायपुर जैसे सीट से चुनाव लड़ना चाहिए। कोरबा एक आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है जहां ऐसे वीआईपी नेता का कोई काम नहीं है।
कवासी लखमा ने भाजपा के नए नवेले विधायक रिकेश सिंह के उस बयान की भी कड़ी निंदा की है,जिस बयान में उन्होंने कहा कि धर्मांतरण की बात करने वालों का गला काट देना चाहिए। उनकी पार्टी में भी गोमती साय और सरगूजा संभाग से एक विधायक हैं तो क्या भाजपा उनका गला काटेगी।
कवासी लखमा ने स्पष्ट रुप से कहा कि भाजपा जातिवाद की आड़ में चुनाव जीतना चाहती है जबकि कांग्रेस समस्याओं को मुद्दा बनाकर चुनाव लड़ रही है। अब फैसला जनता को करना है कि सरकार किसको बनाना है।

## 4 मई तक ईडी की रिमांड में रहेंगे पूर्व एमडी मनोज सोनी

**रायपुर,30 अप्रैल 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के कस्टम मिलिंग घोटाले में बड़ा अपडेट सामने आ रहा है। ईडी ने खाद्य विभाग के पूर्व विशेष सचिव और मार्कफेड के अधिकारी मनोज सोनी को हिरासत में लेने के बाद ईडी ने मनोज सोनी को स्पेशल कोर्ट में पेश किया।पेशी के इस दौरान ईडी ने 14 दिनों की रिमांड मांगी पर पूर्व एमडी मनोज सोनी को विशेष कोर्ट ने ईडी को 4 मई तक रिमांड पर सौंपा है।बता दें कि कस्टम मिलिंग घोटाले को लेकर दर्ज एफ आई आर में आरोपियों की सूची में मनोज सोनी का भी नाम है। करोड़ों रुपये के घोटाले के कथित मास्टर माइंड रोशन चंद्राकर से ईओडब्ल्यू की टीम ने सोमवार को अपने दफ्तर में पूछताछ की।उसके बाद आज खाद्य विभाग के पूर्व विशेष सचिव और मार्कफेड के एमडी मनोज सोनी को पूछताछ के लिए तलब किया, जहां ईओडब्ल्यू के दफ्तर में कड़ी पूछताछ के बाद आज ईडी ने मनोज सोनी की गिरफ्तारी झारखंड से की है।

# जोया मिर्जा ने रचा इतिहास

» भारतीय सेना में बनीं लेफ्टिनेंट डॉक्टर



**रायपुर,30 अप्रैल 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले की रहने वाली जोया मिर्जा ने इतिहास रच दिया है। जोया मिर्जा भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट डॉक्टर बन गई हैं। बता दें कि जोया इस पद पर पहुंचने वाली प्रदेश की पहली महिला हैं। उन्होंने वर्ष 2023-24 में आर्म्ड फोर्सेस मेडिकल कॉलेज, पुणे से एमबीबीएस में डिग्री हासिल की है। अच्छे अंकों के साथ एमबीबीएस पूरा करने के बाद उन्हें भारतीय सेना में यह पद प्राप्त हुआ है।जोया नेजम्मू में अपनी पहली पोस्टिंग ज्वाइन कर ली हैं। केपीएस भिलाई से अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद वह नीट की तैयारी करने लगीं। कोटा में कोचिंग की और लगातार तैयारी में जुटी रहीं और पुणे के आर्म्स फोर्स्ड मेडिकल कॉलेज से डिग्री पूरी की।

## जग्गी हत्याकांड के 5 आरोपियों में से एक याह्या ढेबर ने किया सरेंडर



**रायपुर,30 अप्रैल 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ से इस वक्त बड़ी खबर सामने आ रही है। जग्गी हत्या के 5 आरोपियों में से एक याह्या ढेबर ने रायपुर कोर्ट में सरेंडर कर दिया। बता दें कि 15 अप्रैल को राज्य के बहुचर्चित जग्गी हत्याकांड के 5 आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट ने सरेंडर करने की मोहलत दी थी।सुप्रीम कोर्ट ने केस के आरोपियों आरसी त्रिवेदी, वीके पांडे, अमरीक सिंह गिल, सूर्यकांत तिवारी और याह्या ढेबर को सरेंडर करने के लिए तीन हफ्ते अतिरिक्त समय दिया था।

# आज ट्रांसफर की जाएगी महतारी वंदन योजना की तीसरी किश्त



**रायपुर,30 अप्रैल 2024(ए)।** प्रदेश भर की महतारियों के लिए बड़ी खुशखबरी हैं। छत्तीसगढ़ सरकार ने ऐलान किया हैं कि आज यानी एक मई को ही प्रदेश भर की करीब सत्तर लाख महिलाओं के बैंक खातों में महतारी वंदन योजना की तीसरी किश्त ट्रांसफर कर दी जाएगी। बता दें कि इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को एक-एक हजार रुपए मिलेंगे। प्रदेश में महतारी वंदन योजना की शुरुआत 10 मार्च से हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योजना का शुभारंभ किया था। इसके बाद 2 और 3 अप्रैल को योजना की दूसरी किस्त जारी की गई। महतारी वंदना योजना को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू किया जा रहा है। यह योजना छत्तीसगढ़ राज्य की महिलाओं के लिए वरदान साबित होने वाली है क्योंकि इस योजना के तहत सभी पात्र महिलाओं को सालाना ₹12000 यानी हर महीने ₹1000 की राशि प्रदान की जाएगी।

# डॉक्टरों की लापरवाही से डिलिवरी महिला की हुई मौत

» दर्द से रात भर तपती रही माँ, इधर डॉक्टर लापता

**महासमुंद ,30 अप्रैल 2024 (ए)।** महासमुंद जिले के ब्लॉक सरायपाली के भारती हॉस्पिटल में डाक्टरों की बड़ी लापरवाही सामने आई है, जहां डिलिवरी महिला की ईलाज के दौरान मौत हो गई, परिजनों ने अस्पताल के डाक्टरों पर आरोप लगाते हुए नारेबाजी की, सूचना के बाद तहसीलदार एवम पुलिस टीम पहुंचकर परिजनों को समझाइश दी, साथ ही मामले की जांच कर उचित कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया, परिजनों का आरोप है की आपरेशन के बाद डाक्टरों द्वारा कोई देखरेख नहीं किया, रात को महिला तड़पती रही लेकिन रात को कोई भी डाक्टर अस्पताल में मौजूद नहीं थे, टिटमैंट के अभाव में महिला की मौत हो गई। रविवार 28 अप्रैल को झिलमिला



निवासी पिंकी प्रधान नाम के महिला को डिलिवरी के लिए भारती हॉस्पिटल में एडमिट कराया था, जहां सोमवार 29 अप्रैल को महिला का आपरेशन किया, महिला ने एक लड़की को जन्म दिया, रात को महिला का तबियत अचानक खराब हो गई, महिला तड़पती रही लेकिन भारती हॉस्पिटल में रात को कोई भी डॉक्टर मौजूद नहीं थे, आखिर में महिला ने दम तोड दिया, परिजनों का यह भी आरोप है की महिला की 10 से 11 बजे रात को मौत हो चुकी थी, लेकिन उनको 2 से 3 बजे रात को जानकारी दी गई, सुबह मृतक महिला के परिजनों ने असपताल प्रबंधन एवम डाक्टरों के खिलाफ नारेबाजी व मुर्दाबाद का नारेबाजी की मामले की सूचना के बाद तहसीलदार आवक सरायपाली पुलिस की टीम पहुंचकर परिजनों को समझाया व कार्यवाही करने की बात कही।

## नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आया माइंस में काम करने वाला मजदूर



**नारायणपुर,30 अप्रैल 2024 (ए)।** जिले में नक्सलियों ने एक बार फिर कायराना करतुत को अंजाम दिया है। नक्सलियों के आईईडी की चपेट में आने से आमदई माइंस में कार्यरत मजदूर घायल हो गया। घायल मजदूर मुनेश पटेल छोटेडोंगर राजपुर का निवासी है। मजदूर आमदई खदान आर पाइंट में खाना खाने के लिए जा रहा था तभी मजदूर मुनेश पटेल का पांव आईईडी की चपेट में आ गया। घायल मजदूर को छोटेडोगर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया। बता दें कि नक्सली शुरू से ही आमदई माइंस का विरोध करते आ रहे हैं और आए दिन आमदई माइंस के वाहनों में आगजनी, गोली बारी, आईईडी ब्लास्ट और हत्या कर दहशत फैलाने का काम कर रहे हैं।



## ट्रक ने 8 लोगों को रौंदा,4 की मौत

**राजनादगांव,30 अप्रैल 2024 (ए)।** चिखली थाना क्षेत्र में सड़क हादसा हो गया. यहां तेज रफ्तार ट्रक की ठोकर से 4 लोगों की मौत हो गई. मिली जानकारी के अनुसार चिखली थाना क्षेत्र के तिलाई के पास ट्रक ने लोगों को ठोकर मार दी. हादसे में चार लोगों की मौत हो गई. वहीं 3 से अधिक गंभीर रूप से घायल हुए है. बताया जा रहा है की सड़क किनारे लोग बस का इतंजार कर रहे थे. वहां अनियंत्रित ट्रक ने सड़क किनारे लोगों को अपनी चपेट में ले लिया. ट्रक ने एक मवेशी को भी ठोका. उसकी भी मौत हो गई. हादसे की जानकारी मिलने के बाद चिखली पुलिस घटनास्थल पहुंची है. घायलों को अस्पताल ले जाने की व्यवस्था की है. एक्सीडेंट के बाद ट्रक चालक फरार हो गया.

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)